visit us
www.rajasthandarshanpatrika.com
rajasthandarshanpatrika
rajasthandarshan-news
rajasthandarshan
rajasthan darshan-news channel
rajasthan darshan patrika

दैनिक प्रातः कालीन
RNI. NO.- RAJHIN/2022/ 82942

# राजस्थान दर्शन

डाक पंजीयन संख्या: jaipur city/005/2023–25




वर्ष 4 | अंकः 252 | जयपुर, मंगलवार, 16 दिसम्बर, 2025 | पृष्ठ : 8 | मूल्य- 2₹

## सच उजागर : एनआईए ने 1300 पेज की चार्जशीट में दिए सबूत, लश्कर कमांडर सजाद जट्ट का भी नाम

# पाकिस्तान में ही रची गई थी पलहगाम हमले की बर्बर साजिश

● राजस्थान दर्शन

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पहलगाम आतंकी हमले के 237 दिन बाद सोमवार को 1300 पेज की चार्जशीट दाखिल की। जम्मू में एनआईए स्पेशल कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट में हमले की साजिश पाकिस्तान में रचे जाने के सबूत दिए। पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और द रेजिस्टेंस फ्रंट समेत 7 आरोपी बनाए गए। चार्जशीट के मुताबिक यह हमला धर्म के आधार पर टारगेटेड मर्डर के तौर पर किया गया। इसमें 25 पर्यटकों और एक स्थानीय नागरिक की मौत हुई थी। पाकिस्तानी हैंडलर सजाद जट्ट का नाम भी चार्जशीट में है। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में मारे गए तीन पाकिस्तानी आतंकियों फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी को भी आरोपी बनाया गया। इसी साल 22 अप्रैल को पहलगाम से 6 किमी दूर बायसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। जबकि 16 लोग घायल हुए थे। लोगों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया था।

### जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री बोले- मामला कोर्ट में वहीं से फैसला होगा

पहलगाम हमले की चार्जशीट पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- एनआईए ने जांच पूरी कर ली और चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। दोषी या निर्दोष का फैसला अदालत करेगी।

### पहलगाम हमले के खिलाफ भारत का ऑपरेशन सिंदूर

भारत ने पहलगाम हमले का बदला लेते हुए 6-7 मई की रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक की। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। भारत ने 24 मिसाइलें दागीं थीं। इसमें 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। हमले में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद चीफ मौलाना मसूद अजहर की फैमिली के 10 सदस्य और 4 सहयोगी मारे गए थे।



## ब्रीफ न्यूज़

### गोवा नाइट क्लब के भगौड़े मालिक लूथरा बंधु कल होंगे भारत की जेल में



● राजस्थान दर्शन

**बैंकॉक।** गोवा के अरपोरा स्थित बर्च बाय रोमिया लेन नाइट क्लब में आग लगने के बाद थाईलैंड फरार हुए गौरव और सौरभ लूथरा मंगलवार को दिल्ली पहुचेंगे। यहां उन्हें गोवा पुलिस हिरासत में लेगी। पुलिस उनको औपचारिक तौर पर हिरासत में लेकर दिल्ली की अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड की मांग करेगी। भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप के बाद लूथरा बंधुओं को थाई अधिकारियों ने फुकेत में हिरासत में लिया था। अभी दोनों पुलिस हिरासत में हैं। नाइट क्लब में 7 दिसंबर की रात आग लग गई थी। इसमें 25 लोगों की मौत हो गई थी।

### प्रदेश में सर के बाद राजस्थान में कल जारी होगी मतदाता सूची

● राजस्थान दर्शन

**जयपुर।** राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के पहले चरण (गणना चरण) के समापन के बाद मंगलवार को प्रारूप मतदाता सूची जारी की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि यह सूची सीईओ राजस्थान और संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। साथ ही, राज्य के सभी 41जिला निर्वाचन अधिकारी 199 विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्गठन के बाद बने 61,136 मतदान केंद्रों की प्रारूप मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारी मतदाताओं को सूची में अपना नाम जांचने के लिए प्रेरित करें। जिनका नाम सूची में नहीं है, वे फ़ॉर्म-6 और घोषणा पत्र भरकर अपना नाम जुड़वाएं। युवा मतदाता जो 1 अप्रैल 2026, 1 जुलाई 2026 और 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करेंगे, उन्हें अग्रिम रूप से फ़ॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

### मोहाली में कबड्डी खिलाड़ी की हत्या, कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान सिर पर मारी गोलियां

**मोहाली।** पंजाब के मोहाली में सोमवार को सोहाना में चल रहे कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान कबड्डी खिलाड़ी व प्रमोटर राणा बलाचौरिया को हमलावरों ने गोलियां मार दीं। इससे उसकी मौत हो गई। गोलियां सिर पर लगी थीं। इस वारदात को तीन आरोपियों ने अंजाम दिया। आरोपी बोलेरो गाड़ी पर सवार होकर आए थे। पुलिस के अनुसार हमलावरों ने राणा बलाचौरिया को फोटो लेने के बहाने रोका और उस पर फायरिंग कर दी। हमलावरों ने चार से पांच राउंड फायर किए। पुलिस को मौके से चार गोलियों के खोल भी मिले।

## बेमिसाल 2 साल | राज्य स्तरीय आरोग्य शिविर के कार्यक्रम में विपक्ष पर जमकर बरसे

# कांग्रेसी लुटेरे हैं-हमसे क्या बात करेंगे, खुद भ्रष्टाचार के जननायक है : भजनलाल शर्मा





● राजस्थान दर्शन

**जयपुर।** भाजपा सरकार के दो साल पूरे होने पर प्रतापनगर स्थित आरयूएचएस हॉस्पिटल परिसर में हुए राज्य स्तरीय आरोग्य शिविर के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेसियों को लुटेरा बताया। उन्होंने कहा, वे लुटेरे हमसे बात क्या करेंगे, जो भ्रष्टाचार के जननायक है। इससे पहले सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने 2 साल के कार्यकाल और कांग्रेस के 5 साल के कार्यकाल में हुए कामों का जिक्र किया। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला कर कहा कि एक-दो लोग तो ऐसे हैं जो केवल बोलते ही बोलते हैं। एक-दो ऐसे हैं जिनके पास कहने को तो कुछ नहीं होता, वो केवल ट्वीट करते हैं।

### कांग्रेस के समय मिली प्रदेश को खुलेआम लूट की छूट

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान योजनाओं में जमकर गड़बड़ियां हुईं, जिनकी कीमत आमजन को चुकानी पड़ी। आरजीएचएस योजना में सामने आई अनियमितताओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में निजी अस्पतालों को खुली लूट की छूट मिली हुई थी, लेकिन



भाजपा सरकार ने ऐसे हॉस्पिटलों और डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की है और आगे भी कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

### हमारे कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं : सीएम

युवाओं के मुद्दे पर भी मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में युवाओं का भविष्य पेपर लीक की भेंट चढ़ता रहा, लेकिन भाजपा सरकार के दो साल के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। युवाओं को पारदर्शी भर्तियां और रोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं और आने वाले समय में और भर्तियां होंगी।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बिना नाम लिए पूर्व सीएम गहलोत पर हमला बोलते हुए कहा कि दो साल में भाजपा सरकार ने वह काम कर दिखाया, जो कांग्रेस पांच साल में भी नहीं कर सकी।



### मनरेगा स्कीम की जगह लेगा 'विकसित भारत-जी राम जी, मोदी सरकार ला रही नया बिल

#### विपक्ष भड़का, प्रियंका बोलीं- महात्मा गांधी का नाम क्यों हटा रहे

● राजस्थान दर्शन

**नई दिल्ली।** देश की मोदी सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) को खत्म कर नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने जा रही है। इसे मौजूदा शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए सूचीबद्ध भी कर दिया। बिल की कॉपी सोमवार को लोकसभा सांसदों के बीच सर्कुलेट की गई। इसका नाम 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) बिल, 2025' रखा गया।

नए बिल में कहा गया कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। इधर, कांग्रेस ने सरकार के फैसले का विरोध किया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा। इससे पहले 12 दिसंबर को खबर आई थी कि केंद्रीय कैबिनेट ने मनरेगा का नाम बदलकर पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना रखा। हालांकि, सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन सामने नहीं आया था।

#### सामाजिक-आर्थिक बदलावों को देखते हुए किया गया निर्णय

बिल में लिखे हुए उद्देश्य के मुताबिक, पिछले 20 वर्षों में मनरेगा ने ग्रामीण परिवारों को रोजगार दिया। लेकिन गांवों में हुए सामाजिक-आर्थिक बदलावों को देखते हुए इसे और मजबूत करना जरूरी है। नए कानून के तहत हर ग्रामीण परिवार को, जो बिना कौशल वाला काम करने को तैयार हो, हर साल 125 दिन का वेतनयुक्त रोजगार मिलेगा। इसका मकसद विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप गांवों का समग्र विकास करना है।

## नरसंहार : बॉन्डी बीच फायरिंग में 16 लोगों की गई जान, कई गंभीर घायल

# ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों को मारने की साजिश पाकिस्तानी के बाप-बेटे ने रची

● राजस्थान दर्शन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बोंडी बीच पर सामूहिक गोलीबारी को अंजाम देने वाले हमलावर पिता और पुत्र निकले। दोनों की उम्र 50 और 24 वर्ष है। घटना में इनके अलावा कोई अन्य हमलावर शामिल नहीं था। एक हमलवार की पहचान पाकिस्तानी नागरिक के रूप में हुई।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि हमलावर नवीद अकरम (50) को पुलिस ने मौके पर गोली मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई। जबकि उसके बेटे साजिद अकरम (24) को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस को जांच में पता चला कि नवीद लाइसेंसी आग्नेयास्त्र धारक था। उसके नाम पर 6 हथियार पंजीकृत थे। पुलिस ने पश्चिमी सिडनी के उपनगरों बोनीरिग और कैम्पसी में स्थित संपत्तियों पर दो तलाशी वारंट जारी किए।

गोलीबारी में मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हो गई। कुल 40 लोग घयाल हैं, जिसमें 2 पुलिसकर्मी भी हैं। पुलिस को घटनास्थल के पास दो सक्रिय देसी बम मिले थे, जिन्हें बाद में निष्क्रिय कर दिया गया था।



### देश का हीरो बना अहमद, आतंकी से निहत्था भिड़ा था

हमले के दौरान 44 साल के अहमद अल-अहमद ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की जान बचाई। अहमद अंधाधुंध फायरिंग कर रहे आतंकी साजिद अकरम से निहत्थे भिड़ गए। उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए पीछे से आतंकी पर झपट्टा मारा और उससे बंदूक छीन ली, जिससे कई लोगों को सुरक्षित निकलने का मौका मिल गया। लोग अब अहमद को 'ऑस्ट्रेलिया का नया हीरो' कह रहे हैं। अहमद अल अहमद बॉन्डी बीच पर अपने चचेरे भाई जोजाय अलकंज के साथ हनुक्का उत्सव में शामिल होने आए थे। दोनों कॉफी पीने बाहर निकले थे। कुछ ही मिनटों बाद ताबड़तोड़ गोलीबारी की आवाजें सुनाई दी।




### आतंकी हमले पर गुस्सा, अखबार ने लिखा- यू बास्टर्ड्स

हमले को लेकर देशभर में कड़ी नाराजगी है। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख अखबार द डेली टेलीग्राफ ने बेहद कड़ा रुख अपनाया। अखबार ने आतंकी की तस्वीर के साथ फ्रंट पेज पर बड़ी और आक्रामक हेडलाइन दी - यू बास्टर्ड्स।

### भीलवाड़ा में 11 लाख की रिश्वत लेते डॉक्टर गिरफ्तार, बिल के लिए घूस की 'डील'

#### मुख्यमंत्री आरोग्य योजना के लंबित बिलों के समायोजन के बदले मांगी राशि

● राजस्थान दर्शन





**भीलवाड़ा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अजमेर की टीम ने सोमवार को भीलवाड़ा में बड़ी कार्रवाई कर 11 लाख रुपए की रिश्वत लेते डॉक्टर को गिरफ्तार किया। एसीबी ने डॉ. पंकज छीपा को सिध्दीविनायक हॉस्पिटल के प्रबंधक से रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री आरोग्य योजना के तहत लंबित बिलों के समायोजन के बदले यह रिश्वत मांगी गई थी। अजमेर एसीबी टीम ने बताया कि आरोपी डॉक्टर ने अस्पताल को डीपैनल करने के साथ आयुष्मान आरोग्य योजना के लिए भविष्य में अनटाइटल कर देने का डर दिखाते हुए 14 लाख रुपए रिश्वत की मांग की। टीम ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

#### टैक्स असिस्टेंट ऑफिसर 50 हजार रिश्वत के साथ धरा

बीकानेर में एसीबी टीम ने जीएसटी ऑफिस में कार्यरत टैक्स असिस्टेंट ऑफिसर पुरुषोत्तम जोशी को 50 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों ट्रैप किया। टैक्स के एवज में रिश्वत की मांग की गई थी। लेकिन शिकायत के बाद एसीबी की टीम ने टैक्स असिस्टेंट पर ट्रैप कार्रवाई की। यह रकम बालाजी फर्म पर बकाया करीब 9 लाख रुपये के टैक्स के एवज में मांगी गई थी।

# नाटो का संकट : अमेरिका की 'अमेरिकाफर्स्ट' नीति के कारण टूटने की कगार पर खड़ा गठबंधन



कर्नल देव आनंद लोहामरोड़, सुरक्षा एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ

**नाटो की आत्मा उसके 'आर्टिकल-5' में निहित है, जिसके अनुसार किसी एक सदस्य देश पर हमला सभी पर हमला माना जाएगा। यह पहली बार था जब अमेरिका ने शांति काल में किसी स्थायी सैन्य गठबंधन का नेतृत्व स्वीकार किया। इसका उद्देश्य यूरोप की सुरक्षा को अमेरिकी सैन्य उपस्थिति से सुदृढ़ करना और पश्चिमी लोकतंत्रों को साझा रक्षा छतरी प्रदान करना था।**

**उत्तर** अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध के बाद उभरी अस्थिर वैश्विक व्यवस्था में पश्चिमी लोकतांत्रिक देशों द्वारा लिया गया एक ऐतिहासिक निर्णय था। 4 अप्रैल 1949 को वाशिंगटन डीसी में 12 देशों ने 'नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी' पर हस्ताक्षर किए और इसी के साथ नाटो अस्तित्व में आया। इसका मूल उद्देश्य सोवियत संघ की बढ़ती आक्रामकता और कम्युनिस्ट विस्तारवाद को रोकना था, किंतु यह केवल सैन्य गठबंधन नहीं, बल्कि एक व्यापक राजनीतिक- रणनीतिक ढांचा भी था।

नाटो के निर्माण के तीन प्रमुख उद्देश्य थे–पहला, सोवियत विस्तारवाद को रोकना; दूसरा, यूरोप में नाजी जर्मनी जैसी राष्ट्रवादी सैन्यवादी विचारधाराओं की पुनरावृत्ति को रोकना; और तीसरा, यूरोपीय देशों के बीच राजनीतिक एकीकरण और सामूहिक सुरक्षा को मजबूत करना। इसके मूल सदस्य बेल्जियम, कनाडा, डेनमार्क, फ्रांस, आइसलैंड, इटली, लक्ज़मबर्ग, नीदरलैंड्स, नॉर्वे, पुर्तगाल, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका थे। ये सभी देश युद्ध की तबाही से उबर रहे थे और सोवियत सैन्य शक्ति ने उन्हें एक साझा सुरक्षा ढांचे में एकजुट होने को विवश किया।

नाटो की आत्मा उसके 'आर्टिकल-5' में निहित है, जिसके अनुसार किसी एक सदस्य देश पर हमला सभी पर हमला माना जाएगा। यह पहली बार था जब अमेरिका ने शांति काल में किसी स्थायी सैन्य गठबंधन का नेतृत्व स्वीकार किया। इसका उद्देश्य यूरोप की सुरक्षा को अमेरिकी सैन्य उपस्थिति से सुदृढ़ करना और पश्चिमी लोकतंत्रों को साझा रक्षा छतरी प्रदान करना था।

शीत युद्ध के दौरान नाटो का फोकस पूरी तरह सोवियत संघ पर केंद्रित रहा। 1947 की ट्रूमैन डॉक्ट्रिन और 1948 के बर्लिन ब्लॉकेड ने इस खतरे को स्पष्ट किया। 1952 में ग्रीस और तुर्की तथा 1955 में पश्चिम जर्मनी को नाटो में शामिल किया गया। 2025 तक नाटो के सदस्य देशों की संख्या 32 हो चुकी है, किंतु इसकी वैचारिक नींव आज भी उन्हीं 12 संस्थापक देशों पर आधारित है। नाटो ने केवल सैन्य सुरक्षा ही नहीं, बल्कि मार्शल प्लान जैसी पहलों के माध्यम से यूरोप के पुनर्निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शीत युद्ध की समाप्ति के साथ नाटो के सामने नई चुनौतियाँ खड़ी हुईं। 1989-90 के दौरान जर्मनी के एकीकरण के समय अमेरिकी विदेश मंत्री जेम्स बेकर द्वारा सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाचेव को यह मौखिक आश्वासन दिया गया कि नाटो पूर्व की ओर विस्तार नहीं करेगा। यह कोई लिखित संधि नहीं थी, जिसे रूस आज 'रणनीतिक धोखा' मानता है। 12 सितंबर 1990 के समझौते में केवल पूर्वी जर्मनी में नाटो सेनाओं की तैनाती सीमित की गई, जबकि पूर्वी यूरोप के अन्य देशों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया।

इसके बाद नाटो का पूर्वी विस्तार तेज़ी से हुआ। 1999 में पोलैंड, हंगरी और चेक गणराज्य; 2004 में बाल्टिक और अन्य पूर्वी यूरोपीय देश; 2017 के बाद मोंटेनेग्रो, उत्तरी मैसेडोनिया, फिनलैंड और स्वीडन नाटो में शामिल होते गए। रूस ने इसे अपनी सीमाओं पर सीधी सामरिक घुसपैठ माना। 2014 में क्रीमिया का विलय और 2022 में यूक्रेन पर रूसी सैन्य कार्रवाई इसी बढ़ती असुरक्षा की परिणति रही।

यूक्रेन, जो कभी सोवियत संघ का हिस्सा था, धीरे-धीरे नाटो की ओर झुकने लगा। 2008 की बुखारेस्ट समिट में उसे भविष्य की सदस्यता का संकेत दिया गया। 2022 के युद्ध के बाद नाटो ने यूक्रेन को हथियार, खुफिया जानकारी और प्रशिक्षण दिया, हालांकि औपचारिक सदस्यता नहीं दी गई। इससे रूस की सीमाओं पर नाटो की प्रत्यक्ष उपस्थिति और अधिक सघन हो गई।

अमेरिका ने रूस पर ऊर्जा, वित्त और तकनीकी क्षेत्रों में कड़े प्रतिबंध लगाए, किंतु चीन और भारत जैसे देशों के साथ सहयोग के कारण रूस पूरी तरह कमजोर नहीं पड़ा। 2025 तक यूक्रेन युद्ध एक लंबा, थकाऊ और अनिश्चित परिणाम वाला संघर्ष बन चुका है।



इसी बीच नाटो के भीतर असली संकट रूस नहीं, बल्कि अमेरिका की बदलती रणनीतिक प्राथमिकताएँ बन गई हैं।

2022 की बाइडेन प्रशासन की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में रूस को 'तात्कालिक खतरा' और चीन को 'दीर्घकालिक चुनौती' कहा गया था। किंतु 4 दिसंबर 2025 को जारी डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की नई नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजिक डॉक्यूमेंट में यह दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से बदलता दिखाई देता है। इस दस्तावेज़ में यूरोप को जनसंख्या गिरावट, अनियंत्रित प्रवासन, राजनीतिक विखंडन और सीमित रक्षा क्षमताओं से जूझता हुआ क्षेत्र बताया गया है, जो दशकों से अमेरिकी सुरक्षा छतरी पर निर्भर रहा है।

दस्तावेज़ यह भी स्पष्ट करता है कि अमेरिका की रणनीतिक प्राथमिकता अब चीन है। रूस को पहले की तरह मुख्य तात्कालिक शत्रु नहीं, बल्कि रणनीतिक स्थिरता के संदर्भ में देखा जा रहा है। वहीं भारत को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने वाला प्रमुख दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदार माना गया है। यूरोप को यह संदेश दिया गया है कि उसे अपनी रक्षा का मुख्य भार स्वयं उठाना होगा।

इसी संदर्भ में नाटो पर सीधा प्रभाव पड़ता है। जब अमेरिका यूरोप से सुरक्षा दायित्व सीमित करने, रूस से टकराव नियंत्रित करने और एशिया में भारत जैसे साझेदारों पर रणनीतिक दांव लगाने की बात करता है, तो नाटो की सामूहिक रक्षा और साझा जिम्मेदारी की मूल अवधारणा कमजोर होती है। नाटो तत्काल टूटता नहीं दिखता, लेकिन उसकी एकजुटता, विश्वसनीयता और दीर्घकालिक प्रासंगिकता पर गंभीर प्रश्नचिह्न अवश्य खड़ा हो जाता है।

आज जर्मनी और फ्रांस जैसे देश स्वतंत्र यूरोपीय रक्षा ढांचे पर विचार कर रहे हैं। यदि अमेरिकी समर्थन कमजोर पड़ता है, तो नाटो की सामूहिक शक्ति और वैश्विक प्रभाव में गिरावट आना तय है। 76 वर्षों तक वैश्विक सुरक्षा का प्रमुख स्तंभ रहा नाटो अब बाहरी खतरों से अधिक अपने सबसे बड़े समर्थक अमेरिका की बदली हुई सोच के कारण सबसे गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है।

## जेल की दीवारों के भीतर दिव्यांगता

**भारतीय कारागार व्यवस्था की एक गंभीर लेकिन लंबे समय से उपेक्षित सच्चाई को सामने लाते हैं। ये निर्देश इस तथ्य को रेखांकित करते हैं कि कारागारों में बंद दिव्यांग व्यक्ति न केवल स्वतंत्रता से वंचित होते हैं, बल्कि अक्सर अपने बुनियादी मानवीय अधिकारों से भी वंचित रह जाते हैं।**



प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

**हालिया ऐतिहासिक निर्णयों ने इस योजना को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अहम मोड़ दिया है। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाने वाली इस योजना का नाम अब 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' किया जा रहा है। 12 दिसंबर 2025 को केंद्र सरकार ने नाम परिवर्तन को मंजूरी देने के साथ-साथ गारंटीड कार्यदिवसों की सीमा 100 से बढ़ाकर 125 करने और मजदूरी दर में उल्लेखनीय वृद्धि का फैसला लिया।**

**किसी** भी लोकतांत्रिक समाज में कारागार व्यवस्था केवल अपराध और दंड का प्रतीक नहीं होती, बल्कि वह राज्य की संवेदनशीलता, मानवीय दृष्टि और संवैधानिक प्रतिबद्धता की भी कसौटी होती है। भारतीय संविधान व्यक्ति की गरिमा को सर्वोच्च मूल्य के रूप में स्वीकार करता है और यह गरिमा अपराधी या कैदी बनने के बाद समाप्त नहीं हो जाती। इसी पृष्ठभूमि में सर्वोच्च न्यायालय के हालिया निर्देश, जिनमें जेलों में दिव्यांग कैदियों के लिए सहायता, सुविधाओं के ऑडिट और दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रभावी अनुपालन पर बल दिया गया है, भारतीय कारागार व्यवस्था की एक गंभीर लेकिन लंबे समय से उपेक्षित सच्चाई को सामने लाते हैं। ये निर्देश इस तथ्य को रेखांकित करते हैं कि कारागारों में बंद दिव्यांग व्यक्ति न केवल स्वतंत्रता से वंचित होते हैं, बल्कि अक्सर अपने बुनियादी मानवीय अधिकारों से भी वंचित रह जाते हैं। भारतीय जेलें ऐतिहासिक रूप से ऐसे 'सामान्य' शारीरिक और मानसिक मानकों पर आधारित रही हैं, जिनमें दिव्यांगता को एक अपवाद या प्रशासनिक असुविधा के रूप में देखा गया। परिणामस्वरूप, शारीरिक, संवेदी, बौद्धिक या मनोसामाजिक दिव्यांगता से ग्रस्त कैदियों की आवश्यकताओं को जेल प्रशासन के ढांचे में समुचित स्थान नहीं मिल पाया। प्रवेश के समय दिव्यांगता की पहचान और पंजीकरण का अभाव, आवश्यकताओं के आकलन की कमी और अलग से किसी नीति का न होना, इन कैदियों को अदृश्य बना देता है। यह अदृश्यता ही आगे चलकर उपेक्षा, असमान व्यवहार और कभी-कभी अमानवीय स्थितियों में बदल जाती है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश इस स्थिति को बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 कारागारों पर भी समान रूप से लागू होता है और 'उचित समायोजन' तथा 'सुलभता' कोई दया या विशेष सुविधा नहीं, बल्कि कानूनी अधिकार हैं। इसके साथ ही, जेल परिसरों में दिव्यांगता संबंधी सुविधाओं का नियमित ऑडिट, स्वास्थ्य सेवाओं तक समान पहुँच और कानूनी सहायता के प्रावधान को अनिवार्य मानते हुए न्यायालय ने प्रशासनिक जवाबदेही की नींव रखी है। यह दृष्टिकोण कारागारों को केवल अनुशासनात्मक संस्थान नहीं, बल्कि अधिकार-आधारित सुधार गृह के रूप में देखने की मांग करता है। वास्तविकता यह है कि भारतीय जेलों में दिव्यांग कैदियों को अनेक स्तरों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सबसे पहली और बुनियादी समस्या सुलभता की है। अधिकांश जेल परिसरों में रैंप, रेलिंग, सुलभ शौचालय, समतल फर्श, स्पर्शनीय पथ या स्पष्ट संकेतकों का अभाव है। व्हीलचेयर उपयोग करने वाले कैदियों के लिए सीढ़ियाँ रोजमर्रा की गतिविधियों को भी असंभव बना देती हैं, जबकि दृष्टिबाधित कैदियों के लिए असमान फर्श और दिशासूचक संकेतों की कमी दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ाती है। यह स्थिति 'समान पहुँच' के संवैधानिक सिद्धांत का सीधा उल्लंघन है। इसके साथ ही, चिकित्सा उपेक्षा एक गंभीर समस्या के रूप में उभरती है। नियमित स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता और सहायक उपकरणों की समयबद्ध व्यवस्था का अभाव दिव्यांगता को और अधिक कष्टदायक बना देता है। कई मामलों में श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, छड़ी या अन्य सहायक साधनों की अनुपलब्धता कैदियों को पूरी तरह दूसरों पर निर्भर बना देती है। उपचार में विलंब से न केवल दिव्यांगता की तीव्रता बढ़ती है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। संचार संबंधी बाधाएँ इस समस्या को और गहरा कर देती हैं। श्रवणबाधित कैदियों के लिए सांकेतिक भाषा दुभाषियों का न होना, दृष्टिबाधितों के लिए ब्रेल या ऑडियो सामग्री का अभाव और बौद्धिक या मनोसामाजिक दिव्यांगता वाले कैदियों के लिए सरल भाषा में सूचना की कमी–इन सबका परिणाम यह होता है कि वे जेल नियमों, अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, कानूनी प्रक्रियाओं और शिकायत निवारण तंत्र से लगभग कट जाते हैं। यह स्थिति न्याय तक समान पहुँच के अधिकार को कमजोर करती है।

## मनरेगा: सार्थक सुधारों के बीच अनावश्यक नाम परिवर्तन

**ग्रामीण** भारत की जीवनरेखा के रूप में विख्यात महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ने पिछले दो दशकों में करोड़ों परिवारों को केवल रोजगार ही नहीं दिया, बल्कि उन्हें गरिमामय जीवन का भरोसा, आत्मसम्मान और सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान की है। यह योजना महज़ मजदूरी का माध्यम नहीं रही, बल्कि भूख, बेरगारी और मजबूरी में शहरों की ओर होने वाले पलायन के विरुद्ध एक मजबूत और प्रभावी सुरक्षा कवच बनकर उभरी है–जिसने गांवों को उजड़ने से रोका, स्थानीय संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा दिया और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायित्व तथा मजबूती प्रदान की।

हालिया ऐतिहासिक निर्णयों ने इस योजना को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अहम मोड़ दिया है। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाने वाली इस योजना का नाम अब 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' किया जा रहा है। 12 दिसंबर 2025 को केंद्र सरकार ने नाम परिवर्तन को मंजूरी देने के साथ-साथ गारंटीड कार्यदिवसों की सीमा 100 से बढ़ाकर 125 करने और मजदूरी दर में उल्लेखनीय वृद्धि का फैसला लिया। निस्संदेह ये कदम दूरदर्शी और जन-संवेदनशील हैं, जो ग्रामीण श्रमिकों की आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करते हैं, उनकी क्रय-शक्ति बढ़ाते हैं और गांवों की सुस्त पड़ी अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार करते हैं।

अधिक कार्यदिवसों का सीधा अर्थ है– लंबे समय तक स्थिर रोजगार, परिवारों के लिए भरोसेमंद आय और पलायन की मजबूरी पर प्रभावी रोक। वहीं मजदूरी में वृद्धि महंगाई की मार झेल रहे ग्रामीण परिवारों के लिए सच्ची राहत का संबल है। यदि इन सुधारों को समयबद्ध भुगतान, पर्याप्त बजटीय प्रावधान और पारदर्शी एवं जवाबदेह क्रियान्वयन से जोड़ा जाए, तो यह योजना ग्रामीण भारत के समग्र कायाकल्प का एक शक्तिशाली माध्यम सिद्ध हो सकती है। यही वह दिशा है, जिसकी आकांक्षा देश के गरीब, वंचित और श्रमिक वर्ग ने लंबे समय से की है।

किन्तु इन सकारात्मक पहलों के साथ योजना के नाम में परिवर्तन का निर्णय गंभीर प्रश्न खड़े करता है। क्या यह बदलाव वास्तव में आवश्यक था? सरकार इसे महात्मा गांधी को 'पूज्य बापू' के रूप में सम्मान देने का तर्क देती है, पर क्या 'महात्मा गांधी' नाम स्वयं में सम्मान का सर्वोच्च प्रतीक नहीं है? जब योजना का उद्देश्य, ढांचा और क्रियान्वयन जस का तस है, तो केवल नाम बदलने से क्या हासिल होगा? क्या इससे मजदूरों को समय पर मजदूरी मिलेगी, उनके औजार मजबूत होंगे या कार्यस्थलों पर पानी, छाया और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ सुनिश्चित होंगी? उत्तर स्पष्ट है–नाम परिवर्तन इन जमीनी समस्याओं का समाधान नहीं करता। वास्तविक परिवर्तन नाम में नहीं, बल्कि नीयत, नीति और क्रियान्वयन की गुणवत्ता में निहित है।

नाम परिवर्तन किसी वास्तविक सुधार का संकेत नहीं, बल्कि एक प्रतीकात्मक और सतही अभ्यास भर है। यह वही समय, ऊर्जा और संसाधन हड़प लेता है, जिन्हें जमीनी और ठोस सुधारों में लगाया जाना चाहिए था। नए नाम के साथ देशभर में साइनबोर्ड बदलेंगे, प्रपत्र संशोधित होंगे, डिजिटल पोर्टल अपडेट करने पड़ेंगे, प्रशिक्षण सामग्री फिर से छापनी होगी और व्यापक प्रचार पर भारी खर्च होगा। यह सब करोड़ों रुपये की कीमत पर होगा–वही धन, जो सीधे मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने, भुगतान में हो रही देरी को समाप्त करने और कार्यस्थलों की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने में लगाया जा सकता था।

ग्रामीण भारत में यह योजना वर्षों से एक पहचाना हुआ, भरोसेमंद और स्वीकृत नाम रही है। यह नाम केवल प्रशासनिक पहचान नहीं, बल्कि करोड़ों श्रमिक परिवारों के विश्वास का पर्याय बन चुका है। ऐसे में अचानक नाम बदलना स्वाभाविक रूप से भ्रम को जन्म देगा, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ साक्षरता सीमित है और सूचना की पहुँच पहले से ही चुनौतीपूर्ण है। लोग यह समझने में समय लगाएंगे कि योजना वही पुरानी है या कोई नई व्यवस्था लागू हो गई है। इस भ्रम को दूर करने में प्रशासनिक तंत्र को अतिरिक्त समय, श्रम और संसाधन झोंकने पड़ेंगे, वहीं रीब्रांडिंग पर करोड़ों रुपये खर्च होंगे, जो सीधे करदाताओं की जेब से जाएंगे और जिसका सीधा असर योजना के वास्तविक क्रियान्वयन पर पड़ेगा।

भाषाई और संघीय दृष्टिकोण से भी नाम परिवर्तन के दूरगामी निहितार्थ हैं। भारत विविध भाषाओं, संस्कृतियों और प्रशासनिक परंपराओं का देश है। एक ऐसा नाम, जो वर्षों से सभी क्षेत्रों में समान रूप से प्रचलित और स्वीकार्य रहा है, उसे बदलना अनावश्यक असंतोष और दूरी पैदा कर सकता है। कई राज्य अपनी स्थानीय परिस्थितियों और प्रशासनिक जरूरतों के अनुरूप योजनाओं का संचालन करते हैं। ऐसे में योजनाओं के नाम बार-बार बदलने की प्रवृत्ति संघीय संतुलन और सहकारी संघवाद की भावना को कमजोर करने का जोखिम भी उत्पन्न करती है।

## नए भारत के बढ़ते कदमां के पीछे वैचारिक प्रबुद्धता, योजना और समेकित दृढ़ संकल्प

**यह** भारत के बढ़ते कद के नेपथ्य में कुशल नेतृत्व, सामूहिक चेतना और प्रगतिशील विचारों की उस दीर्घ साधना का फल है, जिसकी जड़ें इतिहास में हैं और शाखाएँ भविष्य तक फैली हुई हैं, भारत आज विश्व-पटल पर केवल एक उभरती शक्ति नहीं बल्कि एक ऐसी निर्णायक उपस्थिति बन चुका है। जिसे अनदेखा करना किसी भी राष्ट्र के लिए संभव नहीं रहा, यह काल किसी एक सरकार, एक व्यक्ति या एक विचारधारा का नहीं बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना का है जो सदियों के आत्मसंघर्ष, आत्मचिंतन और आत्मबल से परिपक्व हुई है, मैं स्वयं को किसी राजनीतिक दल का समर्थक नहीं मानता, किंतु यह तथ्य निर्विवाद है कि आज भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा, कूटनीतिक प्रभाव और आत्मविश्वास ऐतिहासिक ऊँचाइयों को छू रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों में भारतीय प्रधानमंत्री की लोकप्रियता का आँकड़ा किसी व्यक्ति की प्रशंसा भर नहीं बल्कि उस विश्वास का प्रमाण है जो विश्व समुदाय भारत की स्थिरता, लोकतांत्रिक परिपक्वता और विकास-दृष्टि पर कर रहा है, महात्मा गांधी ने कहा था कि 'राष्ट्र की वास्तविक पहचान उसकी आत्मा से होती है,' और आज भारत की आत्मा विज्ञान, तकनीक, करुणा, सहअस्तित्व और नवाचार के संतुलन से आलोकित दिखाई देती है, डिजिटल इंडिया के माध्यम से जिस प्रकार भारत ने तकनीक को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचाया है वह केवल प्रशासनिक सफलता नहीं बल्कि लोकतंत्र के विस्तार की ऐतिहासिक घटना है, विश्व बैंक, आईएमएफ और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों में भारत को विकासशील देशों के लिए प्रेरणा बताया जाना इस बात का संकेत है कि भारत अब सीखने वाला नहीं बल्कि मार्ग दिखाने वाला राष्ट्र बन चुका है, पंडित जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता के समय कहा था कि 'हम नियति से साक्षात्कार कर रहे हैं,' और आज वह साक्षात्कार एक नए रूप में हमारे सामने खड़ा है, 1951 से आरंभ पंचवर्षीय योजनाओं ने जिस नियोजनशील दृष्टि को जन्म दिया, 1991 के आर्थिक सुधारों ने उसे वैश्विक पंख दिए और नीति आयोग ने उसे नवाचार व प्रतिस्पर्धा की नई दिशा प्रदान की, अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का यह कथन कि 'विकास का अंतिम उद्देश्य मानव स्वतंत्रता का विस्तार है,' भारत की विकास यात्रा में सजीव होता दिखाई देता है, विशाल जनसंख्या जिसे कभी बोझ कहा जाता था आज वही भारत की सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरी है, स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र की रीढ़ बताते हुए कहा था कि 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत,' और भारत की युवा शक्ति आज इसी मंत्र को वैश्विक मंच पर चरितार्थ कर रही है, आईटी, सॉफ्टवेयर, अंतरिक्ष, जैव-प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप संस्कृति में भारत की छलांग यह प्रमाणित करती है कि यह देश केवल संसाधनों का उपभोक्ता नहीं बल्कि विचारों का उत्पादक बन चुका है, सुंदर पिचाई, सत्य नडेला, इंदिरा नूई, अरविंद कृष्णा जैसे वैश्विक नेतृत्वकर्ता भारतीय मस्तिष्क की उसी परंपरा के वाहक हैं जिसे आचार्य चाणक्य ने नीति और विवेक का आधार बताया था, उद्योग जगत में टाटा, अंबानी और मित्तल जैसे नाम यह सिद्ध करते हैं कि भारतीय उद्यमिता अब आत्मविश्वास के साथ विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धा कर रही है, रतन टाटा के शब्दों में 'जोखिम उठाए बिना प्रगति असंभव है,' और भारत ने अब जोखिम से भय नहीं बल्कि अवसर का निर्माण करना सीख लिया है, रक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में पोखरण से लेकर अंतरिक्ष अभियानों तक भारत की उपलब्धियाँ उस वैज्ञानिक चेतना का प्रमाण हैं जिसे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने 'विकसित भारत का सपना' कहा था, असैन्य परमाणु समझौते और रणनीतिक साझेदारियों ने यह स्थापित किया कि भारत विश्व शांति और संतुलन का उत्तरदायी भागीदार है, अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भारत की बहुस्तरीय कूटनीति–चाहे वह अमेरिका हो, रूस, जापान, फ्रांस, अफ्रीका या ऑस्ट्रेलिया–वसुधैव कुटुम्बकम् की उस भावना को साकार करती है जिसे भारतीय दर्शन ने सहस्राब्दियों पहले उद्घोषित किया था, दावोस में विश्व आर्थिक मंच से लेकर जी-20 जैसे वैश्विक मंचों पर भारत की भूमिका यह संकेत देती है कि यह देश अब केवल प्रतिक्रियाशील नहीं बल्कि दिशा-निर्देशक बन चुका है, सैमुअल हंटिंगटन का यह कथन कि इक्कीसवीं सदी का संतुलन एशिया में तय होगा, आज भारत-केंद्रित होता प्रतीत हो रहा है, जनसांख्यिकीय लाभ, तीव्र जीडीपी वृद्धि और नवाचार की गति भारत को दीर्घकालीन स्थिरता प्रदान कर रही है, लोकतंत्र जिसकी जड़ें ग्रामसभा से लेकर संसद तक फैली हैं आज विश्व के लिए एक जीवंत उदाहरण है कि विविधता कैसे शक्ति बनती है, डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान को सामाजिक न्याय का औजार बताया था और आज वही संविधान भारत की प्रगति का नैतिक आधार बना हुआ है, साहित्य, संस्कृति और विचार के क्षेत्र में भी भारत की उपस्थिति सशक्त है, नोबेल विजेता रामकृष्णन से लेकर अमर्त्य सेन तक और वैश्विक साहित्य में भारतीय मूल के लेखकों की स्वीकार्यता यह दर्शाती है कि भारत की आवाज केवल आर्थिक नहीं बल्कि वैचारिक भी है, रवींद्रनाथ ठाकुर ने जिस विश्वमानव की कल्पना की थी आज भारत उसी विचार का वाहक बनता दिखाई दे रहा है, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं कि भारत अब केवल भविष्य का स्वप्न नहीं बल्कि वर्तमान की सशक्त वास्तविकता है, यह स्वर्णिम काल तभी सार्थक रहेगा जब यह विकास करुणा, समावेशिता और नैतिकता से जुड़ा रहेगा, क्योंकि जैसा कि महात्मा गांधी ने चेताया था, 'नैतिकता के बिना प्रगति विनाश का कारण बन जाती है,' आज भारत के उत्थान की यह गाथा विश्व को यह संदेश दे रही है कि शक्ति का अर्थ प्रभुत्व नहीं बल्कि उत्तरदायित्व है, और इसी उत्तरदायित्व के साथ



भारत वैश्विक मंच पर विचार, तकनीक और कूटनीति का सूत्रधार बनकर उभरा है, जहाँ से यह उद्घोष सुनाई देता है कि भारत अब भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान का नेतृत्व कर रहा है।

- संजीव ठाकुर

**राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ पर विशेष, 2 साल : नव उत्थान**

# नई पहचान, बढ़ता राजस्थान- हमारा राजस्थान, अन्नदाताओं के सम्मान, समृद्धि और सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है राज्य सरकार

● राजस्थान दर्शन

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान कल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार निरंतर अन्नदाताओं के कल्याण और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्यरत है। प्रदेश में किसानों को सशक्त बनाने तथा कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए व्यापक और दूरदर्शी कदम उठाए गए हैं। किसानों को वित्तीय सहायता, ब्याज मुक्त फसली ऋण, फसल सुरक्षा बीमा, समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद, सिंचाई और बिजली की सुविधा, पशु बीमा, पशुपालकों को आर्थिक मदद और कृषि आधुनिकीकरण की योजनाओं से किसानों की आय में वृद्धि हुई है। खेती के काम में जोखिम कम हुआ है और युवा किसानी के कार्य के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं।

### प्रदेश के 76.18 लाख किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्रदेश के सभी किसानों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने निरंतर कार्य कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। किसानों की संख्या के आधार पर राजस्थान इस योजना में देश में पाँचवें स्थान पर है। योजना के तहत राज्य के 76.18 लाख किसानों को अब तक 10,432 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की जा चुकी है। किसानों को और अधिक आर्थिक संबल देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा वार्षिक सहायता राशि को 6,000 रुपये से बढ़ाकर 9,000 रुपये किया गया है।

### किसानों को 44 हजार करोड़ का ब्याजमुक्त ऋण और 6 हजार करोड़ से अधिक के बीमा क्लेम

किसानों को आर्थिक संबल सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान सरकार ने बड़े स्तर पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है। इसके अंतर्गत 44,067 करोड़ रुपये का ब्याजमुक्त अल्पकालीन फसली ऋण वितरित किया गया है, जिससे किसानों को बुवाई और कृषि कार्यों के लिए समय पर पूंजी उपलब्ध हो सकी। इसके साथ ही 356 करोड़ रुपये का दीर्घकालीन सहकारी ऋण रियायती ब्याज दर पर दिया गया है। किसानों को बिजली बिलों से राहत देते हुए 44,558 करोड़ रुपये का अनुदान भी प्रदान किया गया है। किसानों को प्राकृतिक आपदाओं और फसल खराबे के नुकसान से सुरक्षित रखने के लिए प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया है। योजना के अंतर्गत अब तक 6,207 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम का भुगतान कर किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की गई है।

### समर्थन मूल्य पर फसल खरीद कर 8 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान

किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बड़े पैमाने पर खरीद की है। 2.66 लाख किसानों से 33.42 लाख मीट्रिक टन गेहूँ की सरकारी खरीद की गई, जिसके साथ 471.16 करोड़ रुपये का बोनस भी प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त 12.60 लाख मीट्रिक टन दालों और तिलहनों की खरीद कर लगभग 5 लाख किसानों को 8,191 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।




### 22 जिलों में किसानों को दिन के समय दो ब्लॉक में बिजली आपूर्ति

कृषि उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश में सिंचाई और बिजली सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया गया है। 10,418 करोड़ रुपये व्यय कर 84,592 हेक्टेयर क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता विकसित की गई है। किसानों को समय पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए 1.86 लाख नए कृषि विद्युत कनेक्शन जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 22 जिलों में किसानों को दिन के समय दो ब्लॉक में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

### पीएम-कुसुम योजना में प्रदेश अव्वल राज्यों में शुमार

स्वच्छ ऊर्जा और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में राजस्थान ने पीएम-कुसुम योजना में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पीएम-कुसुम बी के अंतर्गत 51,927 सोलर पंप स्थापित किए गए हैं, जिन पर 822 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। इस योजना के तहत राजस्थान ने देश भर में कुसुम-ए में प्रथम स्थान तथा कुसुम-सी में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

### 84 हजार से अधिक परिवारों को 634 करोड़ रुपये का ब्याजमुक्त ऋण

कृषि के साथ-साथ पशुपालन को भी किसानों की आय का मजबूत स्रोत बनाने के लिए राज्य सरकार ने अनेक योजनाएँ लागू की हैं। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 20.30 लाख पशुओं का बीमा किया गया है। दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के माध्यम से 5 लाख पशुपालकों को 1,172 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है। वहीं गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत 84,604 परिवारों को 634 करोड़ रुपये का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है।

### कृषि आधुनिकीकरण: 1.02 लाख कृषि यंत्रों पर 230 करोड़ रुपये का अनुदान

किसानों की आय बढ़ाने, जल संरक्षण और खेती के कार्य को सरल बनाने के उद्देश्य से कृषि आधुनिकीकरण पर राज्य सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया गया है। किसानों को अपने खेतों में सिंचाई के लिए जल संग्रहित करने हेतु डिग्गी एवं फार्म पॉण्ड निर्माण के लिए अनुदान दिया जा रहा है। इसके तहत 43,327 डिग्गी एवं फार्म-पॉन्ड के निर्माण पर 371 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 1.02 लाख कृषि यंत्रों की खरीद पर 230 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान किया गया है। सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली को प्रोत्साहित करते हुए ड्रिप और स्प्रिंकलर प्रणालियों के लिए 2.21 लाख किसानों को 1,018 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। इसके अतिरिक्त 29,926 किलोमीटर तारबंदी पर 330 करोड़ रुपये तथा 42.66 लाख वर्गमीटर ग्रीन और शेडनेट हाउस पर 197 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है।

**प्रदेश में अवैध मदिरा पर कार्यवाही**

## ट्रक में गुप्त चेम्बर से 498 पेटी अन्य राज्य की शराब बरामद



● राजस्थान दर्शन

**जयपुर।** आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए चलाये जा रहे विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही कर अभियोग दर्ज किए गए। पाली जिले में एक बडी कार्रवाई में ट्रक की जांच में 498 पेटी शराब फोर सेल इन पंजाब बरामद कर अभियोग दर्ज किया गया। पाली के सोजत में रविवार को आबकारी निरोधक की कार्रवाई में एक ट्रक की जांच करने पर उसमें पेपर रोल के नीचे बनाये हुए गुप्त चेम्बर में 498 पेटियां विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब फोर सेल इन पंजाब जब्त की गई। शराब की अनुमानित कीमत 45 लाख रूपए है, मौके से 2 अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार अभियोग दर्ज किया गया। दौसा में आबकारी निरोधक दल की कार्रवाई में 300 लीटर वॉश नष्ट किया गया। धौलपुर में नेशनल हाईवे 123 पर वाहनों की सघन जांच की गई। अलवर में शीतल टोल पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की गई। इसी प्रकार प्रदेश के अन्य जिलों में भी निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, दबिश व सघन गश्त की जा रही है।

**गायों की सेवा हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग : मुख्यमंत्री**

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिंजरापोल गौशाला में की गोसेवा एवं रक्तदान शिविर का किया अवलोकन

● राजस्थान दर्शन



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर जयपुर स्थित पिंजरापोल गौशाला में सोमवार को गोसेवा की। उन्होंने सपत्नीक गायों की पूजा अर्चना कर गुड़ एवं चारा खिलाया। उन्होंने इस अवसर पर हवन में आहुति भी दी। उन्होंने कहा कि गोसेवा हमारी सनातन संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है तथा राज्य सरकार गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने गौशाला परिसर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। साथ ही उन्होंने सभी से रक्तदान के लिए आगे आने और ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्षों का यह कार्यकाल सेवा, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित रहा है। राज्य सरकार पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गोपालन विभाग द्वारा प्रकाशित 'डेयरी के स्वर्णिम दो वर्ष' पुस्तक का विमोचन भी किया। गौशाला परिसर में उपस्थित आमजन ने मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री ए. राठौड़, शासन सचिव गोपालन डॉ. समित शर्मा सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## होटल सनसिटी फायरिंग का आरोपी प्रदीप छींपा उर्फ पीसी नाकाबंदी में फंसा

**जयपुर।** बीकानेर रेंज के महानिरीक्षक हेमन्त शर्मा के निर्देश पर नशाखोरी और अवैध हथियारों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चूरू जिला पुलिस ने यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सरदार शहर थाना पुलिस की टीम ने नाकाबंदी में गैंगस्टर रोहित गोदारा व महेन्द्र डेलाना गैंग के सक्रिय सदस्य प्रदीप छींपा उर्फ पीसी (21) निवासी गाजूसर को गिरफ्तार किया है। एसपी जय यादव द्वारा जिले में अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार और वृताधिकारी सरदारशहर कुलदीप वालिया के निर्देशन में पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया। रविवार को थानाधिकारी सरदारशहर मदन लाल बिश्नोई के सुपरविजन और एएसआई प्रदीप कुमार के नेतृत्व वाली पुलिस टीम बुकलसर फांटा के पास नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान एक युवक ने पुलिस को देखकर भागने और छिपने का प्रयास किया, जिसे तुरंत रोका गया। पूछताछ में लअपना नाम गाजुसर निवासी प्रदीप छींपा उर्फ पीसी बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया, जिसे जब्त कर आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी प्रदीप छींपा स्वयं को गैंगस्टर रोहित गोदारा व महेन्द्र डेलाना गैंग का सक्रिय सदस्य बताता है। वह इस गैंग का सदस्य रहते हुए संगठित रूप से आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता रहा है। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। प्रदीप छींपा का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी पुलिस थाना कोतवाली चूरू के क्षेत्र में स्थित होटल सनसिटी में हुई फायरिंग की घटना में आरोपी रहा है। यह फायरिंग भी गैंगस्टर रोहित गोदारा और महेन्द्र डेलाना के निर्देशों पर की गई थी। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## यूईएम जयपुर ने आईईएमईसीओएन 2025 की मेज़बानी की

● राजस्थान दर्शन

**चौमू।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर ने 8 से 10 दिसंबर 2025 तक आयोजित 13वें इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इंटेलिजेंट एम्बेडेड, माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स, कम्युनिकेशन एंड ऑप्टिकल नेटवर्क्स का सफलतापूर्वक समापन किया। विश्व स्तर पर प्रशंसित, IEEE-तकनीकी रूप से प्रायोजित इस कॉन्फ्रेंस में भारत और विदेशों से शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, प्रौद्योगिकीविदों और वैज्ञानिकों ने असाधारण रूप से भाग लिया। IEME-CON 2025 का आयोजन प्रो. बनानी चक्रवर्ती (चांसलर, EM जयपुर), प्रो. (डॉ.) सत्यजीत चक्रवर्ती (निदेशक, IEM-UEM ग्रुप), प्रो. (डॉ.) बिस्वजॉय चटर्जी (वाइस-चांसलर, UEM जयपुर), और प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा (रजिस्ट्रार और प्रोवोस्ट, UEM जयपुर) के प्रतिष्ठित संरक्षण में किया गया था। उनके मार्गदर्शन और दृष्टिकोण ने IEME-CON के इतिहास में सबसे सफल संस्करणों में से एक की नींव रखी। इस साल, कॉन्फ्रेंस ने एक असाधारण शैक्षणिक मील का पत्थर हासिल किया, जिसमें दुनिया भर के वैज्ञानिकों, विद्वानों और पेशेवरों से 1000 से ज़्यादा रिसर्च पेपर सबमिशन प्राप्त हुए। एक कठोर डबल-ब्लाइंड पीयर रिव्यू प्रक्रिया के बाद, 180 उच्च-गुणवत्ता वाले रिसर्च पेपर प्रतिष्ठित IEEE Xplore डिजिटल लाइब्रेरी में प्रकाशन के लिए स्वीकार किए गए, जो श्यरू जयपुर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और वैश्विक वैज्ञानिक साहित्य में योगदान देता है। तीन दिवसीय कार्यक्रम 8 दिसंबर 2025 को एक औपचारिक उद्घाटन के साथ शुरू हुआ जिसमें मंगलाचरण, दीप प्रज्ज्वलन और गणमान्य व्यक्तियों का सम्मान शामिल था। उद्घाटन सत्र का नेतृत्व करते हुए, चांसलर प्रो. बनानी चक्रवर्ती ने वैश्विक अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने के लिए श्यरू जयपुर की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। निदेशक प्रो. (डॉ.) सत्यजीत चक्रवर्ती ने दुनिया को नया आकार देने में विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के महत्व पर जोर दिया। वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) बिस्वजॉय चटर्जी ने नवाचार के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने पर UEM के फोकस के बारे में बात की, जबकि रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा ने उस अद्वितीय प्रयास की सराहना की जिसने IEME-CON 2025 को एक बड़ी सफलता बनाया। प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति ने कॉन्फ्रेंस को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुँचाया। मुख्य अतिथि डॉ. अमित कुमार पात्रा, निदेशक, नेशनल एटमॉस्फेरिक रिसर्च लेबोरेटरी ने भारत के वैज्ञानिक मिशनों में एडवांस्ड एम्बेडेड और कम्युनिकेशन सिस्टम की परिवर्तनकारी भूमिका पर चर्चा की। सम्मानित अतिथियों में प्रो. (डॉ.) एस.के. घोष, मुख्य वैज्ञानिक, CSIR-CEERI, पिलानी; प्रो. (डॉ.) एम. एम. शर्मा, हेड, ECED, MNIT जयपुर; और विश्व स्तर पर प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. (डॉ.) देबातोश गुहा, कलकत्ता विश्वविद्यालय शामिल थे। प्रसिद्ध



विशेषज्ञों द्वारा मुख्य भाषणों की एक श्रृंखला ने सम्मेलन को समृद्ध किया। वक्ताओं में डॉ. अर्पित खंडेलवाल (IIT जोधपुर), डॉ. अमित महेश जोशी (MNIT जयपुर), डॉ. नितिन अवथारे (IIT जोधपुर), डॉ. संयोग रावत (सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ़ राजस्थान), डॉ. राजर्षि भट्टाचार्य (NIT पटना), और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ प्रो. चुंग-त्से माइकल वू शामिल थे। उनके सत्रों में AIoT सिस्टम, नेक्स्ट-जेन माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स, RF और माइक्रोवेव इंजीनियरिंग, ऑप्टिकल नेटवर्क और इंटेलिजेंट एम्बेडेड आर्किटेक्चर शामिल थे। सम्मेलन में प्रतिष्ठित अतिथियों और सत्र अध्यक्षों की एक प्रभावशाली सूची भी शामिल थी, जिसमें डॉ. दिनेश यादव (मणिपाल विश्वविद्यालय) और डॉ. संदीप व्यास (JECRC विश्वविद्यालय) शामिल थे, जिन्होंने असाधारण शैक्षणिक कठोरता के साथ तकनीकी सत्रों का नेतृत्व किया। UEM जयपुर की मुख्य आयोजन टीम को विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहिए, जिनके नेतृत्व, समन्वय और समर्पण ने सम्मेलन के त्रुटिहीन निष्पादन को सुनिश्चित किया। महत्वपूर्ण योगदान निम्नलिखित द्वारा दिया गया: प्रो. (डॉ.) प्रशांत रंजन - तकनीकी समन्वय और समीक्षा प्रक्रिया का नेतृत्व करने के लिए। प्रो. (डॉ.) अंगशुमन खान - सम्मेलन लॉजिस्टिक्स, डिजिटल एकीकरण और शैक्षणिक संपर्क की देखरेख के लिए। प्रो. सुरजीत सुर - पेपर समीक्षा, वक्ता समन्वय और तकनीकी सत्रों के प्रबंधन के लिए। प्रो. देबाज्योति चटर्जी - निर्बाध सम्मेलन संचालन, आतिथ्य और प्रतिनिधि सहायता सुनिश्चित करने के लिए। उनके प्रयासों, साथ ही श्यरूजयपुर के सभी संकाय सदस्यों, छात्र स्वयंसेवकों, प्रशासनिक कर्मचारियों और तकनीकी टीमों के सामूहिक योगदान ने IEMECON 2025 को एक वैश्विक शैक्षणिक सफलता में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तीन दिनों के दौरान, सैकड़ों शोधकर्ताओं ने एम्बेडेड इंटेलिजेंस, VLSI सिस्टम, फोटोनिक संचार, इंजीनियरिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 6त्न टेक्नोलॉजी, नैनो डिवाइस और स्वायत्त नेटवर्क जैसे क्षेत्रों को कवर करने वाले कई समानांतर ट्रैक में अपना काम प्रस्तुत किया।

## संक्षिप्त-समाचार

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मोती डूंगरी श्री गणेश मंदिर एवं श्री गोविंद देव जी मंदिर में दर्शन कर की पूजा-अर्चना



● राजस्थान दर्शन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को मोतीडूंगरी स्थित श्री गणेश जी मंदिर एवं जयपुर के आराध्यदेव श्री गोविंद देव जी मंदिर पहुंचकर सपत्नीक पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं आमजन की खुशहाली की कामना की। इस दौरान शर्मा ने मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं का अभिवादन किया तथा आमजन ने भी राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री को बधाई दी। इस अवसर पर विधायक बालमुकुंदाचार्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूंछरी का लौठा स्थित श्रीनाथजी मंदिर में किए दर्शन, मुकुट मुखारविंद मंदिर में गिरिराज जी की पूजा-अर्चना की



● राजस्थान दर्शन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को डीग जिले के पूंछरी का लौठा स्थित मुकुट मुखारविंद मन्दिर में सपत्नीक श्री गिरिराज जी की विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और आमजन के लिए सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इसके पश्चात शर्मा ने श्रीनाथजी मंदिर में सपत्नीक दर्शन कर विधिवत पूजा की। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से आत्मीयपूर्ण संवाद भी किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक डॉ. शैलेश सिंह, जगत सिंह, नौक्षम सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### जेडीए द्वारा 16 से 24 दिसंबर तक, शहरी समस्या समाधान शिविर-2025 का आयोजन

● राजस्थान दर्शन

**जयपुर।** राज्य सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहरी समस्या समाधान शिविर-2025 का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि शिविर दिनांक 16.12.2025 से 24.12.2025 तक (दिनांक 21.12.2025 रविवार को छोड़कर) जेडीए परिसर स्थित नागरिक सेवा केंद्र में प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशों की पालना में आयोजित इस शिविर में शहरी सेवा शिविर-2025 तथा शहरी सेवा अनुवर्ती शिविर के लम्बित प्रकरण, दिनांक 18.10.2025 से 02.11.2025 के दौरान प्राप्त आवेदन, दिनांक 08.11.2025 से 15.12.2025 के दौरान प्राप्त नवीन आवेदन तथा संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। शिविर में प्रतिदिन अलग-अलग जोन के प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी जिसका विवरण इस प्रकार है: दिनांक 16.12.2025 को जोन 3, 4, 5, 6, 7 दिनांक 17.12.2025 को जोन- 4,5,6, 7 एवं पीआरएन–उत्तर, दिनांक 18.12.2025 को जोन-2, 7, 8, पीआरएन-उत्तर/दक्षिण एवं 17 दिनांक 19.12.2025 को जोन–7, 8, 14, 17, 19, पीआरएन-दक्षिण; दिनांक 20.12.2025 को जोन-1, 9, 10, 11, 12, 14; दिनांक 22.12.2025 को जोन-9, 10, 11, 12, 13, 14; दिनांक 23.12.2025 को जोन-9, 11, 12, 13, 14, 22 तथा दिनांक 24.12.2025 को जोन-11, 12, 13, 22, 24 के प्रकरणों की सुनवाई नागरिक सेवा केन्द्र, जविप्रा परिसर में की जाएगी। शिविर में लम्बित प्रकरणों के आवेदकों को उपस्थित होने के लिए मोबाइल मैसेज एवं फोन के माध्यम से टाइम स्लॉट की सूचना दी जाएगी। आवेदकों की सहायता के लिए प्रतीक्षा स्थल पर उपायुक्त (नागरिक सेवा केंद्र) द्वारा हैल्प डेस्क और आईटी शाखा द्वारा ई-मित्र की स्थापना की जाएगी। प्रतीक्षा स्थल में आगन्तुक आवेदकों के लिए जोन-वार बैठने की व्यवस्था की गई है। शिविर के दौरान निष्पादित कार्यों से संबंधित दस्तावेजों पर शहरी समस्या समाधान शिविर-2025 की विशेष मोहर अंकित की जाएगी। शिविर के सफल संचालन के लिए अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविर का समय शाम 5:00 बजे तक रहेगा लेकिन कार्य अपूर्ण रहने की स्थिति में कार्य समाप्ति तक शिविर जारी रहेगा।

### दो शातिर नकबजन गिरोह का पर्दाफाश, जयपुर दक्षिण पुलिस की बड़ी कार्रवाई

● राजस्थान दर्शन

**जयपुर।** जयपुर दक्षिण जिले में चोरी व नकबजनी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस थाना सांगानेर सदर, मुहाना एवं डीएसटी की संयुक्त कार्रवाई में दो शातिर नकबजन गिरोहों का पर्दाफाश किया गया है। पुलिस ने ज्वैलरी जोन सीतापुरा स्थित श्री अरनव ज्वैलरी फैक्ट्री में हुई सोना-चांदी व डायमंड चोरी तथा थाना मुहाना क्षेत्र में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए कुल 9 अभियुक्तों (नकबजन व माल खरीददार सहित) को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस थाना सांगानेर सदर से करीब 10 लाख रुपये मूल्य का सोना-चांदी, डायमंड, स्टोन व 2.42 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। वहीं थाना मुहाना क्षेत्र से 3.5 लाख रुपये मूल्य के चोरी किए गए जेवरात, 3 मोबाइल फोन तथा चोरी की रकम से खरीदी गई एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) श्री राजर्षि राज, आईपीएस ने बताया कि जिले में चोरी-नकबजनी की रोकथाम के लिए विशेष निर्देश दिए गए थे। इन्हीं निर्देशों की पालना में डीएसटी साउथ व थाना सांगानेर सदर की टीम ने तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र के माध्यम से आरोपियों तक पहुंच बनाई। पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार अभियुक्त पहले भी चोरी व नकबजनी की वारदातों में शामिल रहे हैं। पुलिस को उम्मीद है कि आरोपियों से आगे पूछताछ में अन्य मामलों का भी खुलासा होगा। पुलिस द्वारा अनुसंधान जारी है।

संक्षिप्त-समाचार

## राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया



● राजस्थान दर्शन

**रानी।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जन्मदिन भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश गहलोत,नगर पालिका उपाध्यक्ष डालचंद चौहान के सानिध्य में रानी के सरकारी अस्पताल में आज सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मरीजों को फल फ्रूट बिस्किट एवं जूस वितरण कर मनाया गया ! इस मौके पर एकदिवसीय आरोग्य केंद्र का कैंप आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में बीमार मरीजों की जांच की गई। एवं मंडल अध्यक्ष हरीश गहलोत बीसीएमओ डॉ ओजस रावल,पीएमओ डॉ एम एल मेहता ने चिकित्सा के बारे में राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जैसे की बीमा योजना मुफ्त इलाज मुफ्त दवाइयां मुफ्त जांच आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी जिससे जनता को सीधा फायदा मिल सके। इस अवसर पर-पूर्व मंडल अध्यक्ष जयन्तिलाल वैष्णव, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष कुशलराज मेहता, मंडल महामंत्री हरीश माली युवा मोर्चा अध्यक्ष चेतन सुथार, एससी मोर्चा अध्यक्ष सवाराम मेघवाल, बिजोवा मंडल अध्यक्ष उत्तम सिंह राजपुरोहित बिजोवा मंडल कोषाध्यक्ष रामलाल प्रजापत मुकेश गर्ग बी एल भाटी शंकरसिंह राजपुरोहित मुकेश भंडारी ईश्वर सिंह राजपुरोहित जयंतीलाल जैन इंतजार अली पार्षद जोधाराम कुमावत, पार्षद महेश भील, पार्षद ललित सोनी किरण गवारिया पवन मेवाड़ा आशीष जांगिड़ रमेश चौधरी विक्रांत अग्रवाल नीतू राठोर लेखराज जोशी हिसार साबरी आदि सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जिला चिकित्सालय बाली में विशाल आरोग्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन



● राजस्थान दर्शन

**बाली।** वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय बाली में सोमवार, 15 दिसंबर 2025 को आरोग्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर की जानकारी देते हुए प्रमुख चिकित्सालय अधिकारी भरत टेलर ने बताया कि ओपीडी के माध्यम से कुल 1147 रोगियों ने पंजीकरण कराया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार राजदे, जनरल फिजिशियन डॉ. ललित चौधरी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. महेंद्र कुमार डाबी, सर्जन डॉ. मांगीलाल चौधरी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. भारत टेलर द्वारा अपनी सेवाएं दी गईं। चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों की जांच करते हुए जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग, शिशु रोग, दंत रोग, सर्जरी, टीबी स्क्रीनिंग, नेत्र जांच सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। शिविर में 86 ब्लड जांच, 89 एक्स-रे तथा 32 रक्तदान भी किए गए। इसके साथ ही शिविर में आए मरीजों के आभा आईडी कार्ड बनाए गए तथा आवश्यक दवाइयां मौके पर ही उपलब्ध कराई गईं। जिला चिकित्सालय के नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने भी शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर के सफल आयोजन से आमजन को सुलभ एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हुईं, जिससे लोगों में संतोष और खुशी देखी गई।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दो वर्ष पूर्ण होने पर बाली जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर, 51 यूनिट रक्त संग्रह



● राजस्थान दर्शन

**बाली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को जिला चिकित्सालय बाली में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 51 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस रक्तदान शिविर के आयोजन में भगवान महावीर अस्पताल की डॉक्टरों की टीम का सराहनीय सहयोग रहा। शिविर में पीएमओ डॉ. भरत टेलर, डॉ. उमेश गुप्ता, डॉ. मांगीलाल चौधरी एवं डॉ. ललित चौधरी सहित चिकित्सा स्टाफ ने सेवाएं दीं। कार्यक्रम में भाजपा के बाली, फालना एवं सादड़ी मंडल अध्यक्षों ने भी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दो वर्षों के कार्यकाल में भाजपा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बाली नगर पालिका अध्यक्ष भारत चौधरी, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोलंकी, मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह राव, महामंत्री ललित वैष्णव उपस्थित रहे। वहीं फालना नगर पालिका अध्यक्ष ललित शाह एवं रमेश शाह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इसके अलावा जिला भाजपा महामंत्री भरत त्रिवेदी, नाना मंडल अध्यक्ष, सरपंच विशालाल मेघवाल, जगदीश चौधरी, विक्रम सिंह सोलंकी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सादड़ी मंडल अध्यक्ष गोविंद मीणा एवं देसूरी मंडल अध्यक्ष अभय सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भी सहभागिता निभाई। रक्तदान शिविर को लेकर कार्यकर्ताओं एवं आमजन में उत्साह देखा गया और आयोजन को सफल बनाने में सभी ने सहयोग प्रदान किया।

# उप जिला चिकित्सालय सूरतगढ़ में आयोजित हुआ आरोग्य शिविर

## - शिविर में डॉ. भारत भूषण ने एनसीडी क्लिनिक को किया माइक सिस्टम भेंट

● राजस्थान दर्शन

**सूरतगढ़।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वर्तमान सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उप जिला चिकित्सालय सूरतगढ़ में आज दिनांक 15 दिसंबर 2025 सोमवार को आरोग्य शिविर आयोजित किया गया।शिविर का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और उन्हें चिकित्सा जांच तथा परामर्श प्रदान करना रहा। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वर्तमान सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा यह शिविर समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सहित सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में सामान्य स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श, दवाइयों का वितरण और विभिन्न रोगों के लिए जागरूकता कार्यक्रम शामिल होंगे। इस अवसर पर उप जिला चिकित्सालय सूरतगढ़ के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ नीरज सुखीजा ने बताया कि शिविर में 30 वर्ष से अधिक आयु के



नागरिकों की एनसीडी स्क्रीनिंग करते हुए उनकी काउंसलिंग की गई। इसके अलावा बीपी, शुगर व कॉमन कैंसर की स्क्रीनिंग हुई। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी जांच, स्क्रीनिंग व निक्षय पोषण योजना के तहत राशि हस्तांतरण आदि कार्य किए गए। इसी तरह गर्भवती महिलाओं की जांच, शिशु टीकाकरण एवं अन्य सभी तरह की निःशुल्क जांच व दवा वितरण भी किया गया। शिविर में एमडी फिजिशियन डॉ रमेश सोखल, चिकित्सा अधिकारी डॉ अमृतलाल, चर्मरोग विशेषज्ञ डॉक्टर लोकेश अनुपानी, गायनकोलॉजिस्ट डॉ मांगीलाल लेघा, कान नाक गला रोग विशेषज्ञ संदीप बिश्नोई, दंत रोग विशेषज्ञ आयुषी जोरवाल, नर्सिंग अधीक्षक सुरेंद्र पारीक, नर्सिंग अधिकारी लक्ष्मी कुमारी, नर्सिंग अधिकारी तरुण सोनी, नर्सिंग अधिकारी सुमित्रा बहन, नर्सिंग अधिकारी कमल, एएनएम मनोज कुमारी, बीपीएम हंसराज भाटी, फिजियोथैरेपिस्ट देवेंद्र शरण धाकड़, काउंसलर दीपक शर्मा, तारा देवी, एसएचएस दया तनेजा, लेब टेक्नीशियन अंजू, जयप्रकाश, डीईओ महेश बिश्नोई, लालचंद, सावन कुमार आदि ने सेवाएं दी।

### एनसीडी क्लिनिक को माइक सिस्टम भेंट

● राजस्थान दर्शन

सूरतगढ़। उप जिला चिकित्सालय के एनसीडी क्लिनिक आज आरोग्य शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ भारत भूषण द्वारा पोर्टेबल साउड सिस्टम भेंट किया गया जिसकी घोषण एनसीडी के स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अन्तर्गत आयोजित नुक्कड़ नाटक के दौरान की गई थी। ताकि एनसीडी क्लिनिक द्वारा भविष्य में जन जागरूकता के कार्यक्रमों माइक सिस्टम से बेहतर किया जा सके। इस अवसर पर डॉ भारत भूषण ने कहा कि एनसीडी क्लिनिक की



टीम बहुत की शानदार कार्य कर रही है परन्तु मुझे इनके आयोजित कार्यक्रमों में माइक सिस्टम की कमी लगी जिसे पूरा करने का प्रयास किया है। इस अवसर पर नर्सिंग अधिकारी लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि डॉ भारत भूषण द्वारा इस भेंट के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी एनसीडी टीम ओर बेहतर कार्यक्रम आयोजित करने का प्रयास करेंगी। साथ ही चिकित्सालय प्रभारी डॉ. नीरज सुखीजा का भी अभिनन्दन करते हुए कहा कि इनके द्वारा हर प्रकार की मदद कार्यक्रम के आयोजन हेतु मिलती है जिस से हम लगातार कार्यक्रम कर सकते है। इस मौके पर काउन्सलर दीपक शर्मा ने डॉ भारत भूषण का हृदय से धन्यवाद करते हुए कहा कि आप द्वारा हमारे कार्य की जो सराहना की गई है वह हमारे लिए ऊर्जा स्वरूप है और भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम होते रहेंगे। श्री शर्मा ने चिकित्सालय प्रभारी डॉ. नीरज सुखीजा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनके द्वारा हमें समय -समय पर मोटिवेट किया जाता है जिससे एनसीडी टीम अच्छा कार्य कर पाती है।

## प्रधानाचार्य की पहल पर जाडन सुरायता मार्ग दुरुस्तीकरण कार्य शुरू, निजी खर्चे से 36 कौम का सहयोग बना मिसाल

● राजस्थान दर्शन

**मारवाड़ जंक्शन।** सरदारसंमद रोड पर जाडन सुरायता मार्ग पर लगभग 6 किमी का कच्चा मार्ग क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालकों, पैदल राहगीरों एवं मवेशियों को उबड़-खाबड़ रास्ते पर आवागमन को लेकर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुरायता के प्रधानाचार्य देवेंद्रसिंह मीणा ने बताया कि यह मार्ग जाडन से सुरायता तक लगभग 10 किलोमीटर तक है। जाडन से 6 किलोमीटर कच्चा एवं उसके बाद 5 किलोमीटर तक सोजत विधायक शोभा चौहान द्वारा डामर सड़क बनाई हुई हैं। विधायक के अथक प्रयासों के बाद डामर सड़क का जीर्णोद्धार कार्य भी किया जाएगा। कच्चे मार्ग को भी पक्का मार्ग बनाने को लेकर प्रधानाचार्य देवेंद्रसिंह मीणा द्वारा विद्यालय की तरफ से एवं सुरायता ग्रामीणों द्वारा संबंधित सार्वजनिक निर्माण विभाग को ज्ञापन दिया गया है। सोजत विधायक शोभा चौहान द्वारा भी प्रयास किया जा रहा है कि जल्द ही पक्का मार्ग बना दिया जाए। मीणा का कहना है कि कच्चे मार्ग पर



सरकारी कर्मचारियों ,विद्यालय के बालक एवं बालिकाओं, मवेशियों एवं ग्रामीणों को आवागमन में अधिक समय का सामना करना पड़ता है। अधिक उबड़-खाबड़ रास्ता होने से शरीर में पेट संबंधी बिमारियों का सामना भी करना पड़ रहा है। यदि यह मार्ग पक्का हो जाए तो गंतव्य स्थान पर पहुंचने में कम समय लगेगा। जब तक पक्का मार्ग नहीं बने तब तक प्रधानाचार्य देवेंद्रसिंह मीणा ने निजी खर्चे से मार्ग को दुरुस्त करवाने को लेकर अपना पैसा अपना विकास अपने पैसे से अपने क्षेत्र का विकास योजना बनाकर जेसीबी मशीन से ऊबड़-खाबड़ रास्तों को सही करवाने का कार्य सोमवार से शुरू करवा दिया हैं। इस कार्य के शुरू होने से देवेंद्रसिंह मीणा की प्रेरणा से सूरायता पंचायत व उसके आसपास से जुड़े कई गांवों के 36 कौम से जुड़े भामाशाह इस कार्य से जुड़े हैं। सूरायता निवासी सत्यनारायण वैष्णव के सहयोग से इस कार्य में दो ट्रैक्टर के सहयोग एवं राजपुरोहित परिवार से रणजीतसिंह व हरिसिंह ने ग्यारह हजार रुपए, शिक्षक चांद खान, लक्ष्मण राम, भेराराम, चुतराराम द्वारा जेसीबी के एक-एक घंटे का भुगतान का सहयोग दिया गया हैं। प्रधानाचार्य मीणा का कहना है कि इस पुनीत कार्य में 36 कौम के भामाशाह लगातार सहयोग कर रहे हैं। जहां पर क्षतिग्रस्त रपट बनी हुई है वहां पर सीसी कार्य व रपट के किनारों पर सुरक्षित सपोर्ट पिलर्स लगाएं जाने की योजना भी जनसहयोग से प्रधानाचार्य मीणा द्वारा भामाशाहों को प्रेरित कर बनाई जा रही हैं। प्रधानाचार्य मीणा की पहल के बाद अब आमजन व मवेशियों को उबड़-खाबड़ रास्ते से निजात मिल सकेगी व आवागमन सुगम हो सकेगा। इस कार्य को लेकर प्रधानाचार्य देवेंद्रसिंह मीणा की सर्वत्र भुरी भुरी प्रशंसा की जा रही हैं।

## भजनलाल सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर समरिया सागर गौ शाला में विशेष आयोजन

● राजस्थान दर्शन



**कुचामनसिटी।** श्री समरिया सागर बालाजी गौ शाला में गौ माताओं का पुजन किया गया तथा लापसी, हरा चारा व गुड़ खिलाया गया। सभापति सुरेश सिखवाल ने सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की गई। गौ शाला सचिव मनोज जोशी व सदस्यों ने नगर परिषद सभापति सुरेश सिंखवाल, नगर मंडल अध्यक्ष बाबुलाल मारवाड़ा व अन्य गणमान्य का डुपट्टा पहना कर स्वागत किया। सभापति व गणमान्य ने गौ शाला के कार्य को देखकर प्रसन्नता जताई और योगदान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भागीरथ कुमावत, नरसी कुमावत, श्रवण लाल सोनी, तुलसीराम कुमावत, हेमन्त पारीक, बालकिशन मराठा, मुकेश कुमावत, रामदेव कुमावत, श्रवण कुमावत, रवि सारस्वत, शैतान राम, दशरथ सहित अनेक जन उपस्थित रहे। शाला व्यवस्थापक रामदेव कुमावत ने सभी का आभार जताया। गौ माताओं की सेवा और पूजा के इस पवित्र आयोजन में सभी का सहयोग सराहनीय है।

## उपजिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित



**फुलेरा।** कस्बे में सोमवार को राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने एवं सूबे के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर उपजिला अस्पताल फुलेरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर फुलेरा ब्लड सेन्टर, तुलसी फाउण्डेशन एवं उपजिला चिकित्सालय फुलेरा के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। उक्त आयोजित शिविर में पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने भी शिरकत कर रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया। इसके चलते रक्तदान शिविर में उपजिला चिकित्सालय के नर्सिंग स्टाफ, पत्रकार एवं महिला शक्तियों सहित अन्य कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए रक्तदान किया। इसके लिए आयोजकों ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर में जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवन रक्षक सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर चिकित्सालय चिकित्सा प्रभारी डॉ. धर्मेन्द्र भामू, डॉ. पियूष तिवाड़ी, डॉ. आदित्य राठौड़, डॉ. रमेश रैबारी, स्टोर प्रभारी एवं वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी प्रवीण कुमार व दिनेश जाजोरिया, भवानी वर्मा, लेखाधिकारी सरिता कौशिक, नरेश, योगेश नेहा दिनेश ललिता सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## मीणा समाज का द्वितीय प्रतिभावान व वार्षिकोत्सव सम्मान समारोह सम्पन्न, 75 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

● राजस्थान दर्शन

**कीरवा।** निकटवर्ती खौड़ गांव में मीणा समाज भीम परगना प्रथम,कुरना परगना, अजनेश्वर परगना एवं चाणोद परगना का रविवार को श्री राम धुन बगीची पाठ खेडा समिति खौड़ में द्वितीय प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह एवं वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजित किया गया। जिसमें समाज की 75 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीणा समाज पाली, सिरोही, जालोर गौतम ऋषि ट्रस्ट अध्यक्ष रतनलाल आमलिया ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की असली पूंजी है विद्यार्थी केवल अंक प्राप्त करने पर नहीं बल्कि ज्ञान अर्जित कर उसे समाज हित में लगाने पर ध्यान दे। उन्होंने कहा कि आज सम्मानित हो रही प्रतिभाएं भविष्य में समाज और जिले का नाम रोशन करेगी। तहसीलदार रतनलाल फालना, हरीश खौड सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में अवसरों की कमी नहीं है बस लगन,मेहनत और तकनीक के साथ कदम मिलाने की जरूरत है। समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए। जिससे एकता, सहयोग और



संस्कार की परम्परा को सशक्त बनाते, शिक्षा से ही मनुष्य महान बनता है शिक्षा के बिना जीवन अधुरा है । बालिका शिक्षा के साथ समाज की एकता पर जोर दिया। कार्यक्रम की पूर्व रात्रि को विशाल भक्ति संध्या आयोजित कि जिसमे एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। समारोह में 75 समाज की प्रतिभाओं को सिल्वर मेडल, फाइल, मोमेटो, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग करने वाले भामाशाहों व अतिथियों का आयोजित समिति की ओर से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीणा समाज पाली, सिरोही, जालोर गौतम ऋषि ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष रतनलाल आमलीय, भीम परगना संत महेन्द्र महाराज, विशिष्ट अतिथि एक्स फौजी ढलाराम कानेलाव, गौतम ऋषि ट्रस्ट प्रतापराम मीणा, सेवानिवृ हेड कांस्टेबल दलाराम मीणा, समाजसेवी चौथाराम मीणा कीरवा, कुरना पाटवी प्रतापराम मीणा, हरिप्रसाद बाला, तहसीलदार रतनलाल फालना, गौतम ट्रस्ट कोषाध्यक्ष नोपाराम मीणा, गौतम ट्रस्ट सदस्य रमेश कुमार मीणा, भीम परगना प्रथम श्री राम धुन बगीची खौड समिति अध्यक्ष टीकमराम मीणा, उपाध्यक्ष चम्पालाल मीणा, सचिव शेषाराम मीणा, कोषाध्यक्ष ताराराम मीणा सहित बड़ी संख्या में समाज बंधुओं उपस्थित थे।

## खुडाला- फालना में अंतर लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का समापन

### बाली विधायक राणावत ने खिलाडियों से परिचय कर उनकी हौसला-अफजाई की

● राजस्थान दर्शन

**फालना।** स्थानीय पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुडाला- फालना में सांसद खेल महोत्सव-2025 अंतर लोकसभा स्तरीय (विधानसभा पाली, बाली मारवाड जंक्शन व सुमेरपुर) का समापन समारोह बाली विधायक व पूर्व ऊर्जा मंत्री पुष्पेंद्र सिंह राणावत के मुख्य आतिथ्य व पाली सांसद प्रतिनिधि रमेश शाह, नगरपालिका अध्यक्ष ललिता रमेश शाह, भाजपा जिला महामंत्री भरत त्रिवेदी, पाली सांसद के निजी सचिव डी.आर चौधरी, गौतम चौधरी व सांसद खेल महोत्सव प्रभारी जयवर्धन वैष्णव के विशिष्ट आतिथ्य व प्रतियोगिता संयोजक व प्रधानाचार्य राजेश पुरी व पर्यवेक्षक श्रीगोपाल पारीक की अध्यक्षता में हुआ। प्रतियोगिता के मीडिया प्रभारी प्रकाश मेवाडा ने बताया की प्रतियोगिता में 13 खेल इवेंट का आयोजन शहर के विभिन्न खेल मेदानों पर हुआ। विधायक राणावत ने खिलाडियों से परिचय कर उनका उत्साहवर्धन किया विजेता खिलाडियों को शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र सिद्धावत, जिला मंत्री शक्ति सिंह चौहान, मंडल महामंत्री अमित मेहता, मंडल मंत्री रुपाराम चौधरी, आईटी सेल प्रभारी मनीष मालवीय, प्रधानाचार्य भंवर सिंह राजपुरोहित, कविता गेहलोत, किशोर रावल, बाली ब्लॉक खेल प्रभारी वीरेन्द्र



सिंह राठौड, देसूरी ब्लॉक खेल प्रभारी धनाराम मोबारसा, शारीरिक शिक्षक व निर्णायक दिनेश वैष्णव, राजेन्द्र सिंह, सज्जन सिंह, कुंदन सिंह, विक्रम सिंह चौधरी, कालूराम सहित प्रतिनियुक्त शारिरीक शिक्षक व निर्णायक उपस्थित रहे। प्रकाश मेवाडा मुंडारा ने प्रतियोगिता में संचालक व कॉमेंटेटर की भूमिका निभाई। खेल महोत्सव में आयोजित विभिन्न खेल इवेंट के परिणाम के प्रथम स्थान प्राप्त करने व विजेता खिलाडियों में अबॉव-19 बालक वर्ग कबड्डी में प्रथम स्थान सीमा बाई सचेती पाली, वॉलीबॉल में खुडाला, फूटबॉल में सेसली, रस्साकस्सी में झीतडा, कैरम में राजेंद्र सिंह बारसा, बेडमिंटन में नरपत मेघवाल पाली,सौ मीटर दौड सुरेश मारवाड जंक्शन, 400 मीटर दौड में लक्ष्य शर्मा पाली, लंबी कूद में जितेंद्र सिंह सोलंकी मारवाड जंक्शन विजेता रहे। इसी तरह बालिका वर्ग कबड्डी में सिरियारी, फूटबाल में सुमेरपुर, क्रिकेट में धनला, रस्साकसी में सिंदरू,बेडमिंटन में सुनिता चौधरी मारवाड जंक्शन, सौ मीटर दौड रविना गोस्वामी मारवाड जंक्शन, 400 मीटर रचना प्रजापत,लंबी कूद में लक्ष्मी मीणा बाली प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बने। इसी तरह अंडर 19 बालक कबड्डी में दुजाना, वालीबॉल में भाटून्द,फूटबाल में मुंडारा, क्रिकेट में नाडोल, रस्साकस्सी में कंटालिया, कैरम में भूमिका पाली, बैडमिंटन में आयुष तिवारी मारवाड जंक्शन,100 मीटर दौड महेंद्र सिंह सुमेरपुर, लंबी कूद में संजय मारवाड जंक्शन व अंडर-19 बालिका वर्ग कबड्डी में बीठू, वालीबॉल में आईजी मारवाड जंक्शन, फूटबॉल में सेसली, क्रिकेट में आना, रस्साकस्सी में नाडोल,कैरम में डिम्पल बेडल,बैडमिंटन में हिमांशी बाली, हॉकी में कोटडी,100मीटर दौड दक्षिता कंवर बाली, 400मीटर रेखा साल्वी मारवाड जंक्शन व लंबी कूद में संतोष कंवर बाली ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता रहे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्म दिवस के अवसर पर 6 विधानसभा में रक्तदान शिविर

राजस्थान दर्शन

**अलवर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर दक्षिण द्वारा सभी 6 विधानसभा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिले के सभी 30 मंडलों में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिसमें पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया कठूमर विधानसभा मे 101 यूनिट, अलवर शहर व रामगढ़ मे 59-59, थानागाजी में 51 राजगढ़ में 40 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ अलवर शहर विधानसभा में सुबह केडलगंज व्यापार समिति द्वारा स्टेशन रोड स्थित गौशाला गो पूजन व गो सवामनी, कटोरी तिबारा मधुसूदन गौशाला,बुद्ध विहार गौशाला व सनातनी गौशाला में गौ पूजन व गायों को चारा खिलाकर गोसवामनी कार्यक्रम आयोजित किया गया सुबह 10:00 बजे अरावली ब्लड सेंटर में अलवर शहर विधानसभा का रक्तदान शिविर आयोजित




किया गया जिसमें 59 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ इस अवसर पर राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विकास पुरुष है जिन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता व विकास के दृष्टिकोण से राजस्थान की दशा व दिशा बदलने का कार्य किया है पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार जहां प्रदेश को बीमारू प्रदेश की श्रेणी में छोड़कर गई वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की डबल इंजन सरकार विकास की पटरी पर तीव्र गति से दौड़ रही है जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है आज प्रदेश का कोई क्षेत्रीय या वर्ग ऐसा नहीं है जिसके लिए प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने कार्य नहीं किया किसान,युवा व महिलाओ के लिए प्रदेश की भजन लाल सरकार के द्वारा अब अभूतपूर्व ऐतिहासिक कार्य हुए विकास के पैमाने पर वर्तमान भजनलाल सरकार के 2 वर्ष पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के 5 वर्षों पर भारी है सरस डेयरी अध्यक्ष नितिन सागवान ने कहा कि भजन लाल शर्मा विकास पुरुष है उनकी दूर दृष्टि सोच निश्चित ही राजस्थान को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगी उनके नेतृत्व में कृषक, पशुपालक सहित सभी का सर्वांगीण विकास हो रहा है रक्तदान शिविर स्थल पर ही डॉ पवन सिंह शेखावत एवं उनकी टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर (आरोग्य शिबिर) का भी आयोजन किया गया इसमें 105 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई इस अवसर पर महामंत्री नरेश गोयल ऋषिराज शर्मा, मंत्री राजेश तिवारी,शीला जांगिड़, प्रवक्ता जितेंद्र गोयल जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता डॉ.के.के.शर्मा, पंडित जले सिंह, मंडल अध्यक्ष सतीश यादव, जितेंद्र राठौर, जितेंद्र सैनी,महेश निहलवानी, महामंत्री श्याम सुंदर यादव, बबलू गुप्ता,भूपेंद्र राठौर, चतर सिंह गुर्जर, डॉ रवि यादव, भूपेंद्र राठौर,अंजू शर्मा, पार्षद राम अवतार शर्मा, रमाकांत यादव,घनश्याम सोनी, सोनू चौधरी, हेतराम यादव,नवीन यादव, सतीश जांगिड़, गौरव जांगिड़,मानसिंह चौधरी, सागर यादव, सीताराम किराड़, वर्षा सक्सैना, रविराज सिंह चौहान विजय सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

## उदयपुरवाटी गणपति मैरिज गार्डन से निकलेगी विशाल पैदल चुनरी यात्रा

### चुनरी यात्रा को लेकर तैयारियां जोर-शोर से

राजस्थान दर्शन



**उदयपुरवाटी** कस्बे में चुंगी नंबर तीन पर स्थित हुआ कानुहाला पर महिलाओं ने मां शाकंभरी की चुनरी के मंगल गीत गाकर बूटियों लगाई द्य वार्ड नंबर 30 निवासी प्रभाती लाल सैनी पुत्र सुरेश कुमार सैनी के आवास पर महिलाओं ने मां शाकंभरी की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर चुनरी के बटिया लगाने का कार्यक्रम रखा द्य चुनरी यात्रा संयोजक मूलचंद सैनी ने हमारे उदयपुरवाटी संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि चुनरी यात्रा की तैयारी को लेकर देश-विदेश में भी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है द्य अगले महीने 3 जनवरी को उदयपुरवाटी जमात स्थित गणपति मैरिज गार्डन से हजारों के तादाद में श्रद्धालुओं द्वारा उदयपुरवाटी से शाकंभरी सकराय धाम तक पैदल यात्रा निकाली जाएगी द्य चुनरी यात्रा के दौरान जगह लोगों द्वारा चुनरी यात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया जाएगा द्य इस दौरान क्रिएटिव प्ले स्कूल की वरिष्ठ अध्यापिका नेहा सैनी ,सुमन देवी, प्रेम देवी, मंजू देवी, मोनिका सैनी, संजू देवी, मनकोरी देवी, मोना देवी, रेखा, प्रेमलता, कृष्णा, निशा ,सुनीता, बिंदु देवी ,मीरा देवी सहित कई महिलाएं मौजूद रही द्य

## राजस्थान में धाणका आदिवासी समाज सरकार की गलत नीतियों से प्रताड़ित- बावलिया

राजस्थान दर्शन



**अलवर।** आदिवासी धाणका जन कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मुकेश बावलिया ने कहा कि राजस्थान में धाणका आदिवासी समाज राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण लगातार प्रताडऩा झेल रहा है। सरकार आदिवासी समाज के उत्थान की बात तो करती है, लेकिन उसकी नीतियां जमीनी स्तर पर समाज के लिए घातक साबित हो रही हैं। एडवोकेट बावलिया रविवार को शहर के ब्रह्मचारी मोहल्ले में धाणका समाज के मार्गदर्शक डालचंद आर्य की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार समाज से जुड़े विवादित प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के बजाय उन्हें वर्षों तक लंबित रखती है, जिससे धाणका जनजाति को मानसिक, सामाजिक और प्रशासनिक रूप से प्रताड़ित होना पड़ रहा है। सभा में उपस्थित समाज के लोगों ने एकजुट होकर समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि 21 दिसंबर को पुन: समाज की बैठक आयोजित कर नई कार्य समिति के चुनाव कराए जाएंगे। कार्यक्रम में रूपसिंह, हीरालाल, कैलाश चंद, महेश, सुनील, अशोक, हरदयाल सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आरोग्य शिविर आयोजित

### जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय आरोग्य शिविर का किया निरीक्षण

### एक ही छत के नीचे मिली निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं, रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



राजस्थान दर्शन

**सवाई माधोपुर।** वर्तमान राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले के चिकित्सा संस्थानों में सोमवार को 'आरोग्य शिविरों' का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल सहित सभी उप जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप-स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित आरोग्य शिविरों में आमजन को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गयी। जिला स्तरीय आरोग्य शिविर का आयोजन जिला कलक्टर काना राम के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कलक्टर काना राम ने आरोग्य एवं रक्तदान शिविर का विधिवत दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने शिविर मे दी जा रही सभी सुविधाओ का निरीक्षण कर जानकारी ली और मरीजो से संवाद कर फीडबेक भी लिया। शिवर में जिला कलक्टर ने स्वय का बीपी चेक करवाया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जेमिनी ने बताया कि आरोग्य शिविरों में आमजन के रोगों की जांच कर उपचार, परामर्श एवं आवश्यक दवाइयां वितरित की गई। साथ ही पांच स्थानों जिला अस्पताल सवाई माधोपुर, जिला अस्पताल गंगापुर सिटी, रणथम्भोर ब्लड बैंक सवाई माधोपुर, सीपी हॉस्पिटल व रिया हॉस्पिटल गंगापुर सिटी में रक्तदान शिविरों का आयोजन भी किया गया। जिला अस्पताल में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजराम मीना ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जेमिनी, पीएमओ डॉ. तेजराम मीना, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित गोयल आदि उपस्थित रहे।

#### आरोग्य शिविरों में आमजन को मिली विभिन्न सुविधाएं :-

शिविरों मे ओपीडी सेवायें-जनरल फिजिशियन, स्त्री रोग, शिशु रोग, ऑप्थल्मिक, ईएनटी, कैंसर संबंधी सेवाएं। स्वास्थ्य परीक्षण-रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, एनीमिया, टीबी, अन्धता जाँच, गर्भवती एवं धात्री माताओं की एएनसी जांच, परामर्श, एमसीपी कार्ड वितरण। शिशुओं की स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण। विभिन्न प्रकार के डायग्नोस्टिक टेस्ट। लैब टेस्ट सहित आवश्यक दवाइयों का नि:शुल्क वितरण। मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इसके अलावा आमजन के लिए आभा आईडी जारी करने के लिए काउन्टर स्थापित किया गया।

## अलवर में पिकअप-बाइक की टक्कर, बुजुर्ग की मौत, 2 घायल

### लोगों ने सड़क जाम कर किया हंगामा, कहा- घायल तड़पते रहे, पुलिस नहीं पहुंची




राजस्थान दर्शन

**अलवर।** अलवर में पिकअप और बाइक की भीषण टक्कर में एक बुजुर्ग ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस प्रशासन के मौके पर समय से नहीं पहुंचने के कारण लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। गुस्साए लोगों ने बीच सडक़ पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया, जिससे दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। हादसे में रामसिंह राजावत (70) की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि रामसिंह राजावत के बेटे मोहन सिंह राजावत (42) और पिकअप ड्राइवर लाड़ी गुर्जर (24) घायल हो गए। स्थानीय लोगों का आरोप- पुलिस प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण घायलों को समय पर इलाज नहीं मिल सका। प्रत्यक्षदर्शी राजेश ने बताया कि दोपहर 3 बजे प्रतापगढ़ के थानागाजी रोड पर यह दर्दनाक हादसा हुआ। हादसे में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राजेश ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, लेकिन हैरानी की बात है कि काफी देर तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। पुलिस प्रशासन की इस लापरवाही से गुस्साए स्थानीय लोगों ने पिकअप में रखी सब्जियों की कैरेट को जलाना शुरू कर दिया। थानागाजी रोड को जाम कर दिया। लोगों का गुस्सा देखकर पुलिस प्रशासन अब मौके पर पहुंचा है और उन्हें समझाने की कोशिश कर रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन की ओर से उनके क्षेत्र में लगातार लापरवाही बरती जा रही है और इस हादसे ने उनकी सहनशीलता की सीमा को तोड़ दिया है।

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण

## जिला कलक्टर व विधायक ने किया गौ पूजन व खिलाया हरा चारा

राजस्थान दर्शन



**करौली।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में विभिन्न जनकल्याणकारी एव जनजागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत सोमवार को श्री यादव वाटिका गौशाला करौली में जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना व विधायक दर्शन सिंह गुर्जर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गायों को रखने की जगह, चारे की व्यवस्था, गायों की चिकित्सा व्यवस्था, अस्वस्थ्य गायों को रखने की व्यवस्था, गायों के लिए बनाये जा रहे खाने एवं खड़ की व्यवस्था, गायों के लिए छाया की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का विस्तार से जमीनी स्तर पर जायजा लिया एवं गौशाला द्वारा किये गये उक्त प्रबंधन के संबंध में सराहना की एवं आगामी समय में गौ सेवा के प्रति ऐसे ही कार्य करने के लिए गौशाला के पदाधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान जिला कलक्टर व विधायक द्वारा गौ पूजन करके गायों को चारा भी खिलाया गया। इस अवसर पर अन्य अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी व जिला विकास पुस्तिका का किया जाएगा विमोचन

### प्रात: 10 से 11 बजे तक कार्यालयों में स्वच्छता अभियान का आयोजन

राजस्थान दर्शन



**करौली।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में विभिन्न जनकल्याणकारी एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत 16 दिसम्बर मंगलवार को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में सूचना केन्द्र के टाउन हॉल में 3 दिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी व जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर व सपोटरा विधायक हंसराज मीना द्वारा फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां करने व कार्यक्रम को समन्वय के साथ सफल बनाने के लिए निर्देश प्रदान किये है। उन्होंने बताया कि इसी दिन समस्त सरकारी, अर्द्धसरकारी, बोर्ड, निगम कार्यालयों में प्रात: 10 से 11 बजे तक साफ-सफाई हेतु कार्यालय में स्वच्छता अभियान भी आयोजित किये जाने के निर्देश दिये है।

ग्रामीण सेवाओं का फॉलोअप

## सरकार की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मंगलवार से सेवा शिविर श्रृंखला

राजस्थान दर्शन

**सवाई माधोपुर।** वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजस्व विभाग 16 दिसम्बर से ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविरों का आयोजन करेगा। जिला कलक्टर काना राम ने जिले में तहसील स्तर पर फॉलोअप शिविरों का कार्यक्रम निर्धारित किया है। शिविर प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक आयोजित होंगे। कलक्टर के आदेश अनुसार, ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर के लिए 16 से 24 दिसम्बर तक का कार्यक्रम घोषित किया गया है। तहसील मलारना डूंगर में 16 दिसम्बर को मलारना डूंगर, 17 दिसम्बर को भाड़ौती, 18 दिसम्बर को शेषा, 19 दिसम्बर को बिच्छीदौना, 22 दिसम्बर को चक बिलोली एवं 23 दिसम्बर को मलारना चौड़ के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्रों में सेवा शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार, तहसील खण्डार में 16 दिसम्बर को बालेर, 17 दिसम्बर को सिंगोर कलां, 18 दिसम्बर को बहरावण्ड़ा कलां के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में तथा 19 दिसम्बर को खण्डार के पंचायत समिति सभागार, 20 दिसम्बर को गोठबिहारी, 22 दिसम्बर को डूंगरी, 23 दिसम्बर को मेई कलां, 24 दिसम्बर को पाली एवं बहरावण्ड़ा खुर्द के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में सेवा शिविर लगेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार, तहसील बामनवास में 16 दिसम्बर को सफीपुरा, 17 दिसम्बर को सुकार एवं बरनाला, 18 दिसम्बर को पिपलाई, 19 दिसम्बर को लिवाली, 20 दिसम्बर को अमावरा, 22 दिसम्बर को जाहिरा एवं बाटोदा, 23 दिसम्बर को ककराला एवं बैराड़ा, 24 दिसम्बर को खेड़ली के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में तथा तहसील गंगापुर सिटी में 16 दिसम्बर को गंगापुर सिटी, 17 दिसम्बर को खूंटला सलौना, 18 दिसम्बर को बाढ़ कलां, 19 दिसम्बर को उदेई कलां, 23 दिसम्बर को तलावड़ा, 24 दिसम्बर को कुनकटा कलां तथा तहसील वजीरपुर में 16 दिसम्बर को खंडीप, 17 दिसम्बर को सेवा, 18 दिसम्बर को उदेई खुर्द, 19 दिसम्बर को पीलोदा, 22 दिसम्बर को रायपुर के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में एवं 23 दिसम्बर को वजीरपुर के तहसील कार्यालय में शिविर आयोजित होंगे। इस क्रम में, तहसील बौंली में 16 दिसम्बर को पंचायत समिति सभागार बौंली, 18 दिसम्बर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मामडोली, 19 दिसम्बर को

## मानसिक रूप से बीमार बच्चों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बना सहारा



राजस्थान दर्शन

**सवाई माधोपुर।** मानसिक रूप से बीमार दो बच्चों की सूचना मिलने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की अधिकार मित्र सुनिता जोनवाल द्वारा डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल वीरेंद्र कुमार वर्मा के साथ ग्राम गंभीरा में बच्चों गोलू मीणा एवं मनचेता मीणा तथा उनके परिजनों से संपर्क किया गया। मनचेता मीणा का जंगल में एक किलोमीटर दूरी पर खेतों में परिवार के अन्य सदस्यों के साथ काम करना बताया गया। अधिकार मित्र सुनिता जोनवाल एवं डिप्टी लीगल डिफेंस काउंसिल वीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा बच्चों गोलू मीणा एवं मनचेता मीणा तथा उनके पिता कालूराम मीना को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में उपस्थित होने के लिए समझाइश की गई। इस पर बालक गोलू मीणा एवं मनचेता मीणा अपने परिजनों के साथ कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर में उपस्थित हुए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव समीक्षा गौतम द्वारा अधिकार मित्र सुनिता जोनवाल एवं डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल वीरेंद्र कुमार वर्मा के प्रयासों की सराहना की गई। साथ ही बच्चों एवं उनके परिजनों की काउंसलिंग की गई एवं बच्चों को विशेष विद्यालय में प्रवेश दिलवाने के संबंध में समझाइश की गई। जिससे बालक गोलू मीणा एवं बालिका मनचेता मीणा के परिजन बच्चों को विशेष विद्यालय में प्रवेश दिलवाने के लिए सहमत हुए। तत्पश्चात अधिकार मित्र सुनिता जोनवाल द्वारा बच्चों को सरस्वती विशेष विद्यालय के अध्यापक कुलदीप योगी के सहयोग से सरस्वती विशेष विद्यालय में विद्यालय में प्रवेश दिलवाया गया। इस दौरान विद्यालय की व्यवस्थापिका हेमलता शर्मा द्वारा नवीन प्रवेशित बच्चों को विद्यालय की गणवेश, बैग एवं स्टेशनरी उपहार स्वरूप दिए गए। दोनों बच्चें वर्तमान में सरस्वती विशेष विद्यालय कुश्तला सवाई माधोपुर में अध्ययन कर रहे हैं।

## राज्य सरकार की वर्षगांठ कार्यक्रमों की श्रृंखला में कुचामन चिकित्सालय में आरोग्य शिविर का आयोजन

### राज्यमंत्री विजय सिंह चौधरी ने किया आरोग्य शिविर का अवलोकन

राजस्थान दर्शन

**कुचामनसिटी।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार वर्तमान राज्य सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आरोग्य शिविर का आयोजन राजकीय जिला चिकित्सालय कुचामन सिटी में सोमवार को किया गया। इस अवसर पर में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने शिविर का अवलोकन कर चिकित्सा विभाग की योजनाओं व संचालित



कार्यकमों की जानकारी प्राप्त की। आरोग्य शिविर में ओपीडी के अंतर्गत विभिन्न विभागों मेडिसिन, गायनी, ऑपथेलमों, ईएनटी व अन्य विभाग के विषय विशेषज्ञों द्वारा रोवा दी गयी। एनसीसी स्क्रीनिंग के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों की बीपी, शुगर एवं कॉमन कैंसर की जाँच की गयी व एनसीडी पोर्टल पर डाटा इन्द्राज किया गया। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी रोगियों की पहचान करते हुए उनकी आवश्यक जांच की गयी व टीबी रोगियों को निक्षय पोषण योजना के तहत शेष रहे लाभार्थी को सहायता राशि उपलब करवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज लिये गये। गर्भवती महिलाओं की जाँचे, आईएफए गोली, कैल्शियम गोली देते हुए हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर व वजन आदि की जाँच सुनिश्चित की गयी और सभी गर्भवती महिलाओं का टीडी टीकारण व शिशु टीकाकरण की प्रविष्ठि पीसीटीएस एवं युविन सॉफटवेयर के माध्यय से इन्द्राज की गयी। शिविर में आने वाले सभी रोगियों की गुख्यमंत्री नि:शुल्क जांच योजना के अंतर्गत नि:शुल्क जाँचे व उपचार किये गये व नि:शुल्क आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया। साथ ही इस शिविर में 1105 रोगी लाभान्वित हुए जिसके अंतर्गत बीपी के 147, शुगर के 134 मीसमी बीमारियों के 307, प्रसूति विभाग के 40 रोगी एवं शिशु रोग के 45 एवं नेत्र से संबंधी 39 रोगियों को लामान्वित किया गया और जाँच के अंतर्गत ब्लड टेस्ट 156 व एक्स-रे 115 व 31 यूनिट ब्लड का संग्रहण किय गया। 20 जनों की आभाआईडी बनायी गयी शिविर में विशेष अतिथि के रूप में सुरेश सिखवाल सभापति नगरपरिषद कुचामन व कुचामन नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कुमावत,पीएमओ डॉ शकील अहमद राव, नोडल प्रभारी डॉ प्रहलाद राम बाजिया, खेता राम वार्ड पार्षद, नरसीराम कुमावत वार्ड पार्षद, भागीरथ कुमावत वार्ड पार्षद, विक्रम राजोरिया, श्रवण सोनी मंडल महामंत्री, जसराज खुरीवाला, अनिल काला, रूपसिंह राजपुरोहिल, मनोहर चावला, मुकेश कुमावत उपस्थित रहे।

## जिला चिकित्सालय निंबाहेड़ा में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

राजस्थान दर्शन

**निम्बाहेड़ा।** राजस्थान सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक दिवसीय आरोग्य स्वास्थ्य शिविर के तहत जिला चिकित्सालय परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं, गर्भवती माताओं, बच्चों एवं आमजन के लिए विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में डॉ. दशरथ लाल अंजना, डॉ. प्रशांत पाटीदार, डॉ. अमित गोयल, डॉ. अशोक जिंजवाड़िया, डॉ. महेंद्र कुमार वर्मा एवं शिवराम निगम द्वारा रोगियों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, शुगर सहित अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए तथा टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट का वितरण भी किया गया। इस दौरान जिला चिकित्सालय परिसर में राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराने हेतु 75 इंच की एलईडी स्क्रीन का शुभारंभ किया गया। यह एलईडी आमजन को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी देने में भूमिका निभाएगी। शिविर में मुख्य चिकित्सालय प्रभारी डॉ. राघव सहित स्थानीय विधायक एवं कई जनप्रतिनिधि, नर्सिंगकर्मी और उपचार हेतु आए आमजन आदि उपस्थित रहे।

## राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर गौसेवा कार्यक्रम आयोजित



राजस्थान दर्शन

**मकराना।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार वर्तमान सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में युवा हिन्दू गौ सेवा समिति, मकराना द्वारा संचालित मंगलाना रोड स्थित गौमाता सर्किल गौवंश चिकित्सालय में गौ माता की विधिवत पूजा, गौसेवा एवं पीड़ित गोवंशों को मीठी लापसी व हरा चारा खिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मकराना प्रधान सुमिता भींचर, वरिष्ठ भाजपा नेता महेन्द्र रान्दड़ ,वरिष्ठ भाजपा गिरधर पलोड़, बुडसू भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, मकराना भाजपा उपाध्यक्ष राजू जांगिड़ के सान्निध्य में समिति के संस्थापक पूरणमल सुरेश कुमावत, पूर्व अध्यक्ष मनीष सांखला, देवेंद्र सैनी आदि के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान गौ सेवक दीपेंद्र सिंह राठौड़ (नीमड़ी) के जन्मदिवस पर उन्हें दुपट्टा पहनाकर शुभकामनाएं भी दी गईं। इस मौके पर राजेंद्र व्यास, विक्रम सिंह, राधावल्लभ व्यास, विनोद मेघवाल (मंगलाना), राकेश गुर्जर, चंद्रप्रकाश टेलर, धर्मवीर गुर्जर, राजवीर सिंह, सौरभ गौड़,तेजपाल गुर्जर मंगलाना ,सुमीत चौधरी , पिंटू किरडोलिया,कुलदीप पोसवाल, नंदा राम गुर्जर सहित अनेक गौ भक्त, समिति सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## जिलेभर के चिकित्सा संस्थानों पर हुआ आरोग्य शिविरों का आयोजन

### 27720 रोगी हुए लाभान्वित,140 यूनिट युनिट हुआ रक्तदान

राजस्थान दर्शन

**करौली।** वर्तमान राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिलेभर के चिकित्सा संस्थानों में आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जिसमें एक दिवस में.. रोगी लाभान्वित हुए जाएगा। सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने बताया कि दो जिला अस्पताल में ,तीन उप जिला अस्पतालों में, बीस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों,51प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित 308 उपस्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित आरोग्य शिविरों में विशेष स्वास्थ्य सेवाएं आमजन के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि आरोग्य शिविरों में आमजन को विभिन्न रोगों की जांच, उपचार, परामर्श एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही जिले में चिकित्सा संस्थानों में रक्तदान शिविरों का आयोजन भी किया जिसमें जिला अस्पताल करौली ,जिला अस्पताल हिंडौन,सीएचसी केला देवी, वीणा मेमोरियल विद्यालय सहित अन्य ब्लड बैंकों में 140 यूनिट से अधिक रक्तदान हुआ। उन्होंने बताया कि आरोग्य सेवाओं में ओपीडी सेवायें,स्वास्थ्य परीक्षण, गर्भवती एवं धात्री माताओं की एएनसी जांच, परामर्श, एमसीपी कार्ड वितरण,शिशुओं की स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण, विभिन्न प्रकार के डायग्नोस्टिक टेस्ट, लैब टेस्ट सहित आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण व मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया सामान्य चिकित्सालय करौली में आयोजित आरोग्य शिविर का शुभारंभ करौली विधायक दर्शन सिंह जी द्वारा किया गया। कैला देवी में सपोटरा विधायक हंसराज बालोती ने रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी की जिंदगी के लिए अहम है। रक्तदान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं हो सकता।

## श्री जरगाजी जूना स्थान विकास ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी गठित, किशनलाल मेघवाल बने अध्यक्ष



राजस्थान दर्शन

**गोगुंदा।** प्रसिद्ध लोकसंत श्री जरगाजी जूना स्थान विकास ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का गठन एवं शपथग्रहण समारोह जरगाजी मंदिर परिसर, गुन्दाली में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मेघवंश समाज के 35 गांवों के पंच-मुखियान सहित उदयपुर व राजसमंद जिलों से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। हकरचंद बरवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित विशाल आमसभा में पूर्व कार्यकारिणी की मौजूदगी में ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुआ। समाज के कर्मठ समाजसेवी एवं युवा नेता किशनलाल मेघवाल बासलिया को ट्रस्ट के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। ट्रस्ट के संस्थापक एवं निवर्तमान महासचिव अम्बालाल मेघवाल ने नई कार्यकारिणी को संविधान एवं समाज के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशनलाल मेघवाल का समाजजनों ने ढोल-नगाड़ों के साथ फूल-मालाएं व पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया। वहीं निवर्तमान अध्यक्ष रतनलाल मेघवाल सहित पूरी पुरानी कार्यकारिणी को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अध्यक्ष किशनलाल मेघवाल ने अपने उद्बोधन में ट्रस्ट के विकास, धार्मिक स्थल के संरक्षण तथा समाज के उत्थान हेतु पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में संत गणेश महाराज, तुलसीनाथ (नांदेशमा), वनदास (गोगुंदा), पुजारी भैरूदास सहित अनेक संत-महात्मा, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभा का संचालन रतनलाल उसर ने किया।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर आज सैनिक स्कूल के दौरे पर

# विजय दिवस की 55 वीं वर्षगांठ पर आज सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में होगा भव्य आयोजन

राजस्थान दर्शन

**चित्तौड़गढ़।** सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में विजय दिवस की 55वीं वर्षगांठ आज अत्यंत गरिमा, गौरव एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाई जाएगी। यह दिवस भारतीय सशस्त्र बलों की अद्वितीय वीरता, शौर्य और बलिदान को समर्पित होगा। कार्यक्रम में राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि भूतपूर्व सैनिक सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल देव आनंद विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में सहभागिता करेंगे। माननीय शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के स्कूल पहुंचने पर स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया, उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पारुल श्रीवास्तव एवं प्रशासनिक अधिकारी मेजर सी कुमार स्वागत करेंगें। स्कूल के कैडेट्स गार्ड ऑफ ऑनर देगें। मुख्य अतिथि स्कूल के परिसर में बने स्मृतिका पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगें। विजय दिवस का आयोजन उन वीर सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान में किया जा रहा है, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी और देश की अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा की। यह दिन वर्ष 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक विजय का प्रतीक है, जब भारतीय सेना के पराक्रम के आगे पाकिस्तान की सेनाओं ने ढाका में आत्मसमर्पण किया था। यह विजय भारतीय इतिहास का एक गौरवशाली अध्याय है, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक प्रेरणा के रूप में संजोकर रखा जाना आवश्यक है। स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी बाबूलाल शिवरान ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा भूतपूर्व सैनिकों एवं विद्यालय के कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र सैन्य गौरव, अनुशासन,




कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रप्रेम की भावना रहेगा, जिससे कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता और देशसेवा की प्रेरणा और अधिक प्रबल हो सके। साथ ही विद्यालय में हाल ही में निर्मित पेरेंट्स हॉल, आधुनिक एयर राइफल शूटिंग रेंज एवं तीरंदाजी रेंज का उद्घाटन भी किया जाएगा, जो कैडेट्स के सर्वांगीण विकास और खेलकूद प्रशिक्षण को नई दिशा प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त मुख्य अतिथि द्वारा कैडेट्स हॉस्टल एवं गर्ल्स हॉस्टल का निरीक्षण करेंगें तथा कैडेट्स से संवाद कर उन्हें अनुशासन, समर्पण एवं राष्ट्रसेवा के मूल्यों के प्रति प्रेरित किया जाएगा। सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ का यह विजय दिवस समारोह न केवल वीर सैनिकों एवं भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान का सशक्त मंच बनेगा, बल्कि विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समाज में देशभक्ति, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय एकता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेगा

### सूबेदार मेजर श्याम लाल गिलः-

बंगाल इंजीनियरिंग कोर के अंतर्गत सेवारत रहे। आप 1965 में भारतीय सेना में भर्ती हुए और 1993 में सेवानिवृत हुए। आप 1971 की लड़ाई के दौरान वेस्टर्न सेक्टर बाड़मेर में तैनात थे ।

### सार्जेंट राजेंद्र पुरी गोस्वामी

7 एओपी यूनिट में कार्यरत रहे। आप 1969 में भारतीय सेना में भर्ती हुए और 1987 में सेवानिवृत हुए। आप 1971 की लड़ाई के दौरान मुक्तसर फाजिल्का बॉर्डरए फिरोजपुर में तैनात थे ।

### कर्नल रणधीर सिंह

1967 में भारतीय सेना में भर्ती हुए और 2002 में सेवानिवृत हुए। आप 1971 की लड़ाई के दौरान जेस्सोर ईस्ट पाकिस्तान में तैनात थे । जेस्सोर बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है जो उस समय पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा था। 1971 में जेस्सोर की लड़ाई बांग्लादेश मुक्ति युद्ध का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी, जिसमें इस प्रमुख पूर्वी पाकिस्तानी शहर विशेष रूप से जेस्सोर छावनी के आसपास पर नियंत्रण के लिए भयंकर लड़ाई हुई थी और अंततः भारतीय और मुक्ति वाहिनी सेनाओं ने 6 दिसंबर 1971 को इस पर कब्जा कर लिया था।

### सिपाही शंकर लाल शमदान

आर्मी मेडिकल कोर में सेवारत रहे। आप 1971 में भारतीय सेना में भर्ती हुए और 1973 में सेवानिवृत हुए। आप 1971 की लड़ाई के दौरान पोखरण राजस्थान में तैनात रहे।

### हवलदार किशन लाल धाकड़

एलडब्लूआर कोर में सेवारत रहे। आप 1963 में भारतीय सेना में भर्ती हुए और 1983 में सेवानिवृत हुए । आप1971 की लड़ाई के दौरान सेकंड आर्म्ड ब्रिगेड कटवा में तैनात थे।

### सिपाही कमर अली खान

सेना के ईएमई कोर में सेवारत रहे। आप 1965 में भारतीय सेना में भर्ती हुए और 1981 में सेवानिवृत हुए। आप 1971 की लड़ाई के दौरान राजौरी जम्मू में तैनात थे।

### हवलदार नंदलाल ब्यावट

आप ईएमई कोर में सेवारत रहे। आप 1965 में भारतीय सेना में भर्ती हुए और 1983 में सेवानिवृत हुए। आप 1971 की लड़ाई के दौरान फाजलका बॉर्डरए फरीदकोट में तैनात रहे।

### राइफलमैन सरदार खान पठान

आप राजपूताना राइफल आठवीं बटालियन में तैनात थे। आप 1971 की लड़ाई के दौरान सिशालदी चैकी पर तैनात थे। आप 11 माह तक पाकिस्तान की जेल में भी बंद रहे थे।

## रक्तदान जीवनदान है और और इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकतीः पाठक

### सुख सेवा संस्थान द्वारा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

राजस्थान दर्शन



**चितौड़गढ़।** सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र चित्तौड़गढ़ द्वारा सोमवार को राज्य सरकार की द्वितीय वर्षगांठ पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान अध्यक्ष गफ्फार पठान ने बताया कि रक्तदान शिविर सुख सेवा संस्थान एच 56, फतेह विहार कॉलोनी, रोडवेज बस स्टैंड के पीछे, चित्तौड़गढ़ में आयोजित हुआ। जिसमें 51 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। काउंसलर प्रभात शर्मा ने जानकारी दी कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी दीपाली पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दीपाली पाठक ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और और इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। कॉर्डिनेटर अमित कुमार चेचाणी के अनुसार इस रक्तदान शिविर में सामाजिक संस्थाओं सहित आमजन को भी आमन्त्रित किया गया। इस अवसर पर जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी दीपाली पाठक ने सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है और संस्थान को शुभकामनाएं प्रेषित की है। संस्थान द्वारा रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं को रक्त वीर सम्मान पत्र से सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर श्री सांवलिया चिकित्सालय चित्तौड़गढ़ के ब्लड बैंक के पदाधिकारियों डॉ. गौरव, लीला शंकर, मिट्ठू लाल धाकड़ ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर संस्थान के जितेंद्र सिंह तोमर, विनय पालीवाल, कन्हैया लाल, चैन सिंह भाटी, कमलेश, शोएब, पवन आदि का सहयोग रहा।

## भाजपा सरकार के दो वर्षो के कार्यकाल में विकास, सुशासन और जनकल्याण पर रहा विशेष जोरः आक्या

राजस्थान दर्शन

**चित्तौड़गढ़।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में विकास, सुशासन और जनकल्याण को प्राथमिकता देते हुए अनेक प्रभावी निर्णय लिये है। प्रशासन को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने पर जोर देते हुए भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, समयबद्ध निर्णय और योजनाओ की निगरानी को मजबूत किया गया है। सड़क, बिजली, पानी और शहरी-ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बड़े पैमाने पर विकास कार्यो के लिए बजट आवंटन कर परियोजनाएं आरम्भ की गई। सरकार द्वारा किसान हित में अनेक प्रभावी निर्णय लिए जा रहे है। गत दिनो अतिवृष्टि से किसानो की फसल को हुए नुकसान पर राज्य सरकार द्वारा त्वरीत कार्यवाही करते हुए मुआवजे की राशी किसानो के खाते में जमा करवाई जा रही है। विधानसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ के हर गांव में विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे है। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या सोमवार को राज्य सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने पर सम्पूर्ण प्रदेश मे मनाये जा रहे सुशासन पखवाडा के तहत विधानसभा चित्तौड़गढ़ की ग्राम पंचायत नेतावल महाराज, नारेला, माताजी की पाण्डोली, कश्मोर, रोलाहेड़ा व बड़ोदिया में विकास रथ के आगमन पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओ व ग्रामीणो को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सोमवार को जन्मदिवस होने पर मंच से उन्हे बधाई देते हुए उनके दिर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर सुशासन पखवाड़ा के विधानसभा संयोजक पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की भजनलाल



शर्मा सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल बेमिसाल रहा है। जनहित के प्रत्येक कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण किया जा रहा है। मंगलवार को ग्राम पंचायत ओछड़ी, सेमलिया, जालमपुरा, अरनियापंथ व शम्भुपुरा में विकास रथ के माध्यम से सरकार की योजनाओ की जानकारी आमजन तक पहुचाई जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार विपिन चोधरी, पूर्व प्रधान नारायण सिंह, घोसुण्डा मण्डल अध्यक्ष राजमल सुखवाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेश शर्मा, पूर्व मण्डल महामंत्री लाला गुर्जर, शिवराजसिंह बेजनाथिया, मदनलाल रेगर, पूर्व सरपंच दूर्गा सिंह, उप सरपंच प्रहलाद सिंह, प्रेमबाई गुर्जर, सरपंच गोवर्धन सालवी, उपसरपंच लक्ष्मण जाट, पं.स.स. रतनलाल सुथार, मुकेश सोमानी, रतन जाट, शम्भू अहिर, रामप्रसाद पुरोहित, रतन गुर्जर, शम्भू जाट, रमेश पुरोहित, कालु सेन, रामेश्वर पूर्बिया, शंकरदास वैष्णव, लक्ष्मण सिंह, लक्ष्मण माली, कालु सिंह शक्तावत, रामशंकर सेन, अभय सिंह, जगदीश कुम्हार, नारू लाल जाट, कैलाश धोबी, विष्णु खटीक, प्रदीप बिलोची, किशन जाट, ऋषिराज सिंह, रामपाल सेन, देवीलाल अहिर, शंकर अहिर, रतन अहिर, भगवतीलाल अहिर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## *निजी बस पलटी,3 दर्जन से अधिक घायल*

***भीलवाड़ा।*** *जिले के मांडल थाना क्षेत्र में भीलवाड़ा-करेड़ा मार्ग पर सोमवार को यात्रियों से भरी एक निजी बस तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। हादसे में तीन दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को मांडल और मुख्यालय स्थित एमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के कारणों को लेकर दो अलग-अलग जानकारियां सामने आई हैं। पहली जानकारी के अनुसार, बस चालक ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था और हरिपुरा चौराहे के पास मोड़ पर अचानक नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस पलट गई। दूसरी जानकारी यह भी बताया जा रहा है कि निजी बस एसोसिएशन की पेनल्टी से बचने के प्रयास में बस को तेज गति से चलाया जा रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। हादसे के समय बस में 50 से ज्यादा यात्री सफर कर रहे थे। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बस सड़क किनारे पलट गई, जिससे कई यात्री अंदर फंस गए। अहंकार सुन कर आस पास के लोग मौके की और दौड़े और बस में फंसे यात्रियों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकल कर 108 एम्बुलेंस के जरिए मांडल और जिला मुख्यालय स्थित एमजी अस्पताल के लिए रवाना किया।*

### अर्बन बैंक प्रबंधन टीम बैठक सम्पन्न

## सहकारिता से ग्राहक को जोड़ना विशेष संस्कारः डा सेठिया



राजस्थान दर्शन

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन डॉ आई एम सेठिया ने बैंक प्रबंधक और प्रबंधन टीम की बैठक में बोलते हुए कहा कि सहकारिता एक विशेष संस्कार हे और एक ग्राहक को जोड़कर पूरे परिवार को सहकारिता का संस्कार से जोड़ा जा सकता हे इसलिए रजत जयंती वर्ष में नए ग्राहक जोड़ने के साथ साथ बैंक और बैंक की योजनाओं का शाखा क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करे। डा सेठिया ने प्रत्येक ब्रांच के व्यवसाय और लाभप्रद्धता की समीक्षा कर विश्लेषण किया तथा रजत जयंती कार्यक्रम,समय प्रबंधन,नियमित ग्राहक संपर्क,शाखा प्रबंधक और क्षेत्रीय प्रबंधक की भूमिका, प्रधान कार्यालय के साथ प्रभावी समन्वय,सहित व्यवसाय वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए व्यापक चर्चा की । डा सेठिया ने तीन सत्रों में ली इस बैठक में प्रधान कार्यालय टीम के साथ स्टाफ अनुशासन कार्यकुशलता, प्रभावी जनसंपर्क,निदेशक मंडल बैठक की त्वरित क्रियान्विति, बैंक के प्रधान कार्यालय में जनसंपर्क ,कानूनी व इंफ्रा कार्य के लिए नवीन विभाग खोलने और उनकी कार्यप्रणाली को लेकर भी चर्चा की। बैठक में रजत जयंती वर्ष में अपेक्षित व्यावसायिक परिणाम के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक अजय सिंह राठौड़ व दामोदर लाल चेचानी के साथ महाप्रबंधक दिनेश खंडेलवाल को कपासन,महाप्रबंधक प्रशाशन जे पी जोशी को प्रतापगढ़, प्रबंधक प्रशाशन राजेश अवस्थी को बेगूं , ऋण प्रबंधक यशवंत बाफना को बड़ी सादरी शाखा का दायित्व दिया गया।प्रबंध निदेशक बाकी ब्रांचों के साथ साथ समग्र लक्ष्य पूर्ति की विशेष जिम्मेदारी पालक अधिकारी के नाते प्रदान की गई। बैठक में प्रबंध निदेशक वंदना वजीरानी ने स्वागत उद्बोधन व कार्यक्रम की भूमिका ,दिनेश खंडेलवाल ने समीक्षात्मक कार्य, जे पी जोशी में समन्वय कार्य के बारे में चर्चा की व राजेश अवस्थी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जनता की चीखो पर जश्न मना रही पर्ची वाली भजनलाल सरकारः प्रमोद सिसोदिया

### जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान की भाजपा सरकार के 2 वर्ष को बताया विफलताओं की सरकार





राजस्थान दर्शन

**चित्तौड़गढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान की भाजपा सरकार के 2 वर्ष को बताया विफलताओं की सरकार जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया द्वारा कहा गया कि जनता की चीखो पर जश्न मना रही पर्ची वाली भजनलाल सरकार राज्य की जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है। दो वर्ष में केवल मुख्यमंत्री ने हवाई यात्रा की और केंद्र द्वारा दिए गए भाषणों को पढ़कर सुनाया राज्य में व्यापारी युवा किसान महिला बुजुर्ग सभी परेशानियों से गुजर रहे हैं कोई सुनने वाला नहीं है। मंत्री की मुख्यमंत्री नहीं सुनते विधायक लाचार है केवल अफसर शाही हावी है। विकास के नाम पर केवल जीरो है किसानों को मुआवजे के नाम पर केवल थोती घोषणा है। आए दिन बिजली के दाम बढ़ा रहे हैं, सरकार डरी सी है। नगर निकाय व पंचायत राज के चुनाव को समय पर नहीं कराये जा रहे है। महिला अत्याचार कई गुना बढ़ गया है। शहरों में प्रॉपर तरीके से सफाई नहीं हो रही है युवाओं को नौकरी देने के वादे के खिलाफ है। पेंशनधारियों को पेंशन कई महीने से खाते में नहीं डाली जा रही है, केवल अपनों को लाभ पहुंचाने के लिए कार्य किये जा रहे हैं। जनकल्याण योजनाएं अघोषित रूप से खत्म कर दी गई है, स्वास्थ्य सेवाएं चरमा गई है। अस्पतालों में दवा नहीं है डॉक्टरों की कमी से कई जाने जा चुकी है। पुलिस प्रशासन बेखबर है आए दिन मर्डर रेप जैसे अपराध बढ़ रहे हैं। सरकार को राजशाही चलाई जा रही है। किसानों को यूरिया नहीं मिल रहा है और मिल भी रहा है वह ब्लैक द्वारा दिया जा रहा है। कांग्रेस द्वारा चलाई गई जनकल्याण नीतियों को भी बंद कर दिया गया है। सिसोदिया ने कहा की निंबाहेड़ा व चित्तौड़ क्षेत्र में सरेआम हत्याएं हो रही हैं अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। कानून का भय पूरी तरह समाप्त हो चुका है। कपासन में पानी की मांग करना अपराध बना दिया गया पानी मांगने पर आम नागरिक के पैर तोड़ दिए गए इससे भी अधिक चिंताजनक तथ्य एफ आईआर में विधायक का नाम दर्ज होने के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जब सत्ता में बैठे लोग ही कानून से ऊपर हो जाए तो आम जनता न्याय की उम्मीद कैसे करें। जिले में दस लाख रुपए के बजट का केवल टेंट और सरकार के प्रतिनिधियों के फ्लेक्स लगा गुणगान किया जा रहे है। सरकार केवल अपनी ही धुन में मस्त है उसे प्रदेश की जनता से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसी जन विरोधी सरकार का कांग्रेस जन खुलकर विरोध करते हैं और अगर आने वाले समय में सरकार ने अपने रवैया को चेंज नहीं किया गया तो कांग्रेस बूत स्तर से लेकर जिला स्तर तक धरना प्रदर्शन करके इस सोई हुई सरकार को जगाएगी, ताकि आम जनों के विकास के कार्यों को गति प्रदान हो सके।

# मेवाड़ चित्रकला प्रदर्शनी- इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज और सिटी पैलेस संग्रहालय, उदयपुर

राजस्थान दर्शन

**उदयपुर/राजसमंद।** उदयपुर के सिटी पैलेस संग्रहालय के ज़नाना महल में सोमवार से आरंभ हुई प्रदर्शनी का शुभारंभ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं इलाहाबाद संग्रहालय सोसाइटी की अध्यक्ष आनंदीबेन पटेल और महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन उदयपुर के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। मेवाड़ चित्रों की यह भव्य प्रदर्शनी 15 जून 2026 तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। 'प्रेमार्पण' सांसारिक सीमाओं से परे अनंत बंधन की चित्राभिव्यक्ति' शीर्षक वाली यह प्रदर्शनी भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत प्रतिष्ठित इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज और महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा संचालित उदयपुर के सिटी पैलेस संग्रहालय के मध्य प्रथम संयुक्त सहयोग का प्रतीक है। यह भारतीय चित्रकला के एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अध्याय को उद्घाटित करती है। 'प्रेमार्पण' दो गूढ़ शब्द प्रेम और समर्पण अर्थात अर्पण का काव्यमय संगम है। ये भाव भक्ति, निःस्वार्थता और आत्मसमर्पण की आंतरिक अवस्थाओं को अभिव्यक्त करते हैं। इस प्रदर्शनी में इन्हीं भावनाओं को पौराणिक कथाओं, लोक कथाओं और मेवाड़ के महाराणाओं के जीवन प्रसंगों के माध्यम से उकेरा गया है, जो उनके अमर प्रेम और समर्पण को उजागर करते हैं। प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 'शम्भु रत्न पाठशाला' वर्तमान राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय की बालिकाओं को स्मृति चिह्न भेंट किये और अपने उद्बोधन में प्रदर्षनी में प्रदर्षित चित्रों पर कहा कि ये चित्र मात्र आकृतियां ही नहीं बल्कि उस काल में महाराणाओं और उन कलाकारों की भावनाएँ है, जिन्हें चित्रों के माध्यम से जीवंत भावभरें हुए है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, संसद सत्र के कारण उदयपुर उपस्थित नहीं हो सके, जिस पर उन्होंने खेद जताते हुए अपने ऑडियों संदेश में कहा, 'इन दो प्रतिष्ठित संग्रहालयों के बीच यह सहयोग सांस्कृतिक संसाधनों के परस्पर आदान-प्रदान और हमारी संस्कृति की गहन समझ विकसित करने वाला एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।' केंद्रीय मंत्री शेखावत ने भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और मेवाड़ की सांस्कृतिक कला विरासत की सराहना करते हुए डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा, यह प्रदर्शनी 18वीं से 20वीं शताब्दी तक के उत्कृष्ट चित्रों को एक साथ प्रस्तुत करती है। 'प्रेमार्पण' सदियों पुरानी मेवाड़ चित्रकला शैली की इस प्रदर्शनी के लिए एक अत्यंत उपयुक्त शीर्षक है। 'प्रेम' और 'समर्पण' इन दो हिंदी शब्दों ने मिलकर 'प्रेमार्पण' शब्द को जन्म दिया है। डॉ. मेवाड़ ने इस अवसर पर राज्यपाल उत्तर प्रदेश के उदयपुर पधारने पर आभार व्यक्त करते हुए भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और इलाहाबाद संग्रहालय के सहयोगात्मक प्रयास के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रदर्शनी की तैयारियों के दौरान राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री शेखावत द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन और नेतृत्व के लिए वे कृतज्ञ हैं। इलाहाबाद संग्रहालय ने 48 तथा सिटी पैलेस संग्रहालय, उदयपुर ने 36 मेवाड़ शैली के ऐसे चित्र साझा किए हैं, जिनमें 18वीं सदी ईस्वी से लेकर 21वीं सदी के कलाकारों द्वारा रचित भगवान श्रीकृष्ण और राधा जी के प्रेम भाव तथा ढोला मारू की कथाओं के माध्यम से प्रेम और समर्पण की भावनाओं का सशक्त चित्रण किया गया है। प्रदर्शनी में रसिकप्रिया, बिहारी सतसई, गीत गोविंद और सूरसागर के पृष्ठों पर आधारित थीम्स भी शामिल हैं। प्रसिद्ध मेवाड़ विद्यालय की सूक्ष्म चित्रकला 17वीं सदी ईस्वी से आगे कई पीढ़ियों के महाराणाओं के संरक्षण में फली-फूली, जिनकी उत्कृष्टता की निरंतर साधना इन दुर्लभ चित्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।



### संरक्षण के प्रयास

'प्रेमार्पण दृ सांसारिक सीमाओं से परे अनंत बंधन की चित्राभिव्यक्ति' प्रदर्शनी में काग़ज़, कैनवास और लकड़ी के पैनलों जैसे विभिन्न माध्यमों पर निर्मित चित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। इन चित्रों को प्रदर्शनी के योग्य बनाने के लिए सिटी पैलेस संग्रहालय, उदयपुर की संरक्षण टीम ने संग्रहालय की प्रयोगशाला में अत्यंत सावधानीपूर्वक संरक्षित किया है। संरक्षण की प्रक्रिया प्रत्येक कलाकृति के माध्यम और उसकी अवस्था के अनुसार भिन्न होती है। मुख्य उद्देश्य उपयुक्त संरक्षण- अच्छी सामग्री, उपकरण और उन्नत तकनीक का उपयोग करते हुए चित्रों के आधार और रंग-परतों को स्थिर करना है। बहुमूल्य चित्रों की माउंटिंग और फ्रेमिंग का कार्य संग्रहालय की इन-हाउस टीम द्वारा हस्तचालित रूप से किया जा रहा है। गैलरी में उचित प्रदर्शन तकनीक, नियंत्रित प्रकाश व्यवस्था और अनुकूल पर्यावरणीय स्थितियाँ सुनिश्चित करने के लिए निवारक देखभाल के उपाय भी लागू किए जा रहे हैं। प्रदर्शनी के एक भाग के रूप में संरक्षण प्रक्रिया और उससे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी प्रदर्शित की जाएँगी

## एसडीएम ने ढिकीया राजकीय कार्यालयों का किया निरीक्षण



राजस्थान दर्शन

**लसाड़िया।** लसाड़िया उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार बलाई ने ढिकीया ग्राम पंचायत के राजकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति और शिक्षण स्तर का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित किया कि वे प्रत्येक विद्यार्थी की प्रगति पर व्यक्तिगत ध्यान दें और कमज़ोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन करें। उपखंड अधिकारी ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, शिक्षण सामग्री और रिकॉर्ड की भी जांच की तथा विद्यालय स्टाफ को समय पर उपस्थित रहने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उसके बाद एसडीएम सुरेश कुमार ने पशु उपकेंद्र ,कृषि पर्यवेक्षक केन्द्र का निरीक्षण कर दिये दिशा निर्देश दिए। उन्होने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर साफ सफाई रखने के निर्देश दिए?। उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार बलाई उचित मुल्य दुकान पर स्टॉक जांच की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम बलाई ने टटाकिया के मां बाडी केन्द्र व आईटीआई केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक पारस खटीक मौजूद थे।

## झाड़ोल में अवैध प्लॉटिंग पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, सरकारी खातेदारी भूमि कब्जे में ली

राजस्थान दर्शन

**झाड़ोल ।** झाड़ोल तहसील क्षेत्र में भूमाफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध प्लॉटिंग पर रोक लगाई है। शिकायतकर्ता श्रवण सिंह परिहार द्वारा कुछ दिन पूर्व तहसीलदार झाड़ोल को लिखित शिकायत दी गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि भूमाफिया सरकारी खातेदारी भूमि को अन्य निजी भूमि में मिलाकर बिना कन्वर्जन कराए अवैध रूप से भूखंडों की बिक्री कर रहे हैं। शिकायतकर्ता सरवन सिंह की गंभीरता को देखते हुए तहसील प्रशासन द्वारा जांच कराई गई। जांच में आरोप सही पाए जाने पर तहसीलदार झाड़ोल के नेतृत्व में मौके पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बेची जा रही सरकारी खातेदारी भूमि को प्रशासन ने अपने कब्जे में ले लिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग करने वालों में हड़कंप मच गया है। तहसील प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी अवैध भूमि कारोबार, बिना कन्वर्जन की प्लॉटिंग और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



## कलाश्रम कॉलेज में BNYS में प्रवेश का अंतिम मौका, राज्य सरकार का पोर्टल खुला




राजस्थान दर्शन

**गोगुंदा।** कला आश्रम कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी योगिक साइंसेज में शैक्षणिक सत्र के लिए BNYS (बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज) पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने का अंतिम अवसर विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है। राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रवेश पोर्टल 14, 15 एवं 16 तारीख तक खुला रहेगा, जिसके माध्यम से पात्र विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि जिन विज्ञान संकाय (साइंस) के विद्यार्थियों का अभी तक किसी भी कॉलेज या पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं हुआ है, उनके लिए BNYS में प्रवेश लेने का यह अंतिम और सुनहरा अवसर है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों में राज्य सरकार के पोर्टल पर पंजीकरण कर कलाश्रम कॉलेज को अपनी प्राथमिकता में शामिल कर सकते हैं। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करें, ताकि प्रवेश से वंचित न रह जाएं। प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी कॉलेज कार्यालय से भी संपर्क कर सकते हैं।

## सामरुण के ग्रामीणों ने विधायक परमार का आभार व्यक्त किया



राजस्थान दर्शन

**बावलवाडा ।** विधान सभा क्षेत्र खेरवाडा के विधायक डाक्टर दयाराम परमार की अनुशंसा पर सरकार ने उपखण्ड खेरवाडा के उप तहसील बावलवाडा के सामरुण गाँव में नव सृजित ग्राम पंचायत सामरुण का गठन होने पर सामरुण के ग्रामीणों ने आज विधायक परमार के खेरवाडा निवास पर जाकर डाक्टर परमार साहब का माला पहना कर आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खेरवाडा के महासचिव पंडित मोहन लाल औदिच्य, सामरुण के ग्रामीण हरिलाल खराडी, करण सिंह चौहान, कालु राम खराडी, प्रकाश डामोर, प्रेम शंकर डामोर, रतनलाल खराडी, बंशीलाल खराडी, समरत खराडी सहित सामरुण के ग्रामीण उपस्थित थे।

## आचार्य विहर्ष सागर महाराज के दीक्षा दिवस व मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर सलूंबर में विशाल रक्तदान शिविर

### जैन बोर्डिंग में, 24 यूनिट रक्तदान, जनसेवा का बना अनुकरणीय उदाहरण



राजस्थान दर्शन

**सलूंबर ।** भारत गौरव राष्ट्र संत आचार्य श्री विहर्ष सागर जी महाराज के 28वें दीक्षा जयंती महोत्सव एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस के पावन अवसर पर सलूंबर नगर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नगर की श्री दिगंबर जैन बोर्डिंग में सलूंबर सकल जैन समाज एवं मुनि संघ सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। रक्तदान शिविर में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए करीब 24 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। शिविर का आयोजन ड्रग कंट्रोलर जयपुर के निर्देशन में किया गया, जबकि पेसिफिक कॉलेज (पिम्स) उमरड़ा हॉस्पिटल उदयपुर की मेडिकल टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य किया। मुनि संघ सेवा समिति एवं केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार मिंडा ने बताया कि आचार्य श्री विहर्ष सागर महाराज के दीक्षा दिवस पर आयोजित यह रक्तदान शिविर समाज के लिए सेवा, समर्पण और संस्कारों का प्रतीक है। शिविर स्थल का निरीक्षण स्वयं आचार्य श्री विहर्ष सागर जी महाराज, सलूंबर विधायक शांतादेवी मीणा एवं जिला औषधि नियंत्रक अनिरुद्ध खत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजन की सराहना करते हुए रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में सेठ लक्ष्मीलाल ढालावत, अभय कुमार गांधी, गजेंद्र शाह, धीरजमल भूता, महावीर दोषी, कमलेश दोषी, गजेंद्र दोषी, मुकेश तोरावत,डॉ. योगेश जोशी,विशाल दोषी, गौरव गांधी, गिरीश मेहता, अमित पारडिया, दिलीप गांधी, विवेक कोड़ियां, लक्ष्मीलाल जानी,चेंद्रेश सुथार,भवर लाल नागदा, रवि नागदा, विशाल जैन सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों की ओर से दिलीप गांधी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाएंगे। शिविर का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं सफल आयोजन की घोषणा के साथ हुआ।

## दृष्टिबाधित क्रिकेट का शानदार आग़ाज़, RCAB कोटा विजेता BSA अजमेर उपविजेता

### दृष्टिबाधित क्रिकेट ने मोहा दिल, पहली बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य समापन



राजस्थान दर्शन

**सलूंबर ।** सलूंबर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय दृष्टिबाधित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह पूरे जोश, उत्साह और भावनात्मक माहौल में संपन्न हुआ। सलूंबर में पहली बार आयोजित इस अनोखी प्रतियोगिता में दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के अद्भुत खेल कौशल ने न केवल अतिथियों बल्कि खेल प्रेमियों का भी दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में RCAB कोटा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि BSA अजमेर को उपविजेता घोषित किया गया। खिलाड़ियों की फुर्तीले फील्डिंग मूवमेंट पर मैदान तालियों की गूंज से भर उठा। खेल प्रेमियों ने इसे 'अद्भुत और प्रेरणादायक अनुभव' बताया।

### विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में हुआ समापन

समापन समारोह में सलूंबर विधायक शांता देवी मीणा, जिला कलेक्टर अवधेश मीणा,उप अधीक्षक पुलिस हेरम्भ जोशी, नगर परिषद आयुक्त गणपत खटीक, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड के महासचिव इस्लाम अली, सचिव भावेश देसाई, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख राकेश प्रजापत, विभाग मंत्री पूर्णेश शर्मा, मल्लाड़ा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीलाल कलाल, महामंत्री कमलेश सुथार छपण मंडल पूर्व महामंत्री नारायण सिंह चुंडावत,मंडल अध्यक्ष पंकज चौबीसा छप्पन मंडल अमरलाल पटेल, नारह सिंह एवं जिला सलूंबर के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे!

### सहित अनेक जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उपस्थित रहे

इस अवसर पर मल्लाड़ा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीलाल कलाल द्वारा खिलाड़ियों को क्रिकेट किट प्रदान करने की घोषणा की गई, जिसका सभी ने तालियों से स्वागत किया।

### आयोजन की सराहना

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में संयोजक संजय चाष्टा, सह संयोजक दुष्यंत भट्ट, गिरीश पटेल, गौरव भोई, खुशाल शर्मा, बंटी, अमृत प्रजापत,मेहश टेलर रवि टेलर भावेश सहित सलूंबर जिले के समस्त कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### निष्कर्ष

यह प्रतियोगिता केवल खेल आयोजन नहीं, बल्कि दृष्टिबाधित खिलाड़ियों की क्षमता, आत्मविश्वास और जज्बे का उत्सव बन गई। सलूंबर ने पहली बार इस तरह के आयोजन से यह साबित कर दिया कि हौसलों की कोई सीमा नहीं होती।

## प्रदेश सरकार के 2 साल पूरे, सलूंबर में गौसेवा का संदेश

### रामेश्वरम गोशाला में जिला स्तरीय गौ-पूजन, विधायक शांता मीणा व कलेक्टर अवधेश मीना ने खिलाया गुड़-हरा चारा



राजस्थान दर्शन

**सलूंबर ।** प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित रामेश्वरम गोशाला, नगर परिषद सलूंबर में गौ सेवा एवं गौ-पूजन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सलूंबर विधायक शांता अमृत लाल मीणा, जिला कलेक्टर अवधेश मीना सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी गोशाला पहुंचे। अतिथियों ने गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाया तथा विधिवत गौ-पूजन कर धर्मार्थ सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शांता अमृत लाल मीणा ने कहा कि संस्कार और सेवा भावना से ही एक विकसित, सशक्त और समरस समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि गौसेवा हमारी सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न अंग है और समाज को इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। विधायक मीणा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित सेवा कार्यों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के साथ सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए सतत प्रयासरत है। गौसेवा भारतीय संस्कृति की मूल भावना का प्रतीक है, जो हमें प्रकृति, जीव-जंतुओं और समाज के प्रति दायित्वों की याद दिलाती है। जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने कहा कि प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों में सामाजिक सरोकारों और सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। गौसेवा जैसे आयोजन मानवीय संवेदनाओं को सुदृढ़ करते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने आमजन से रक्तदान, अंगदान जैसे मानव सेवा कार्यों में अधिक से अधिक भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कैलाश गांधी, करण सिंह पवार, जयेश चौबीसा, लक्ष्मी मनात, साक्षी झाला, नेहा जैन, मंजुला बुनकर, हिमांशु मेहता, कालूराम परमार, कालूलाल मीणा, पशुधन निरीक्षक सुरवीर सिंह, प्रवीण सिंह चौहान, जिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार गोडवाल, राजेंद्र डोरवाल, दामोदर खराड़ी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 400 केवी लाइन टावर से गिरकर युवक की मौत, कार्य के दौरान फिसला पैर

राजस्थान दर्शन

**गोगुंदा।** थाना क्षेत्र के कठार गांव में रविवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 400 केवी विद्युत लाइन के टावर पर काम कर रहे युवक की मौत हो गई। कार्य के दौरान अचानक पैर फिसलने से युवक ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना तुरंत कुदूस अली कंपनी के ठेकेदार को दी गई। इसके बाद घायल युवक निलाय कर्मकार पुत्र निताय कर्मकार निवासी कबारगारी, लक्ष्मीपुर पुलिस थाना गाजोल, जिला मालदा (पश्चिम बंगाल) को गोगुंदा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात शव को गोगुंदा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। सोमवार शाम को गोगुंदा थाना पुलिस के एएसआई हरि सिंह ने प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव पश्चिम बंगाल रवाना किया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

गोगुंदा हाईवे हादसा

## गमगीन माहौल में चारों शवों का पोस्टमार्टम, परिजनों को सौंपे, घायलों का उपचार जारी









राजस्थान दर्शन

**गोगुंदा।** राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर पीर बावजी के समीप रविवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे के बाद सोमवार को गोगुंदा अस्पताल में मृतकों का पोस्टमार्टम कराया गया। हादसे में मृत एक युवती एवं तीन युवकों के शवों का गमगीन माहौल में गोगुंदा पुलिस की निगरानी में पोस्टमार्टम किया गया, जिसके बाद सभी शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए गए। हादसे में सायरा थाना क्षेत्र के गोदों का गुड़ा निवासी लीला कुंवर की मौत हो गई थी, जिनका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं बनासकांठा सांसद गेनीबेन ठाकुर के परिवार के तीन सदस्य–अरविंद भाई ठाकुर, विक्रम ठाकुर एवं प्रकाश ठाकुर–की भी इस हादसे में मौत हो गई थी। तीनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम गोगुंदा अस्पताल की मोर्चरी में कराकर परिजनों को सौंपा गया। वहीं हादसे में घायल बंशीलाल, प्रताप सिंह, संतोष कंवर, तुलसी, उदय सिंह, गंगाराम एवं विक्रम का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। चिकित्सकों की टीम घायलों की हालत पर लगातार निगरानी बनाए हुए है। पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने निर्माणाधीन हाईवे ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि रविवार शाम करीब 5 बजे गोगुंदा-पिंडवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीर बावजी के समीप निर्माणाधीन हाईवे पर मार्बल ब्लॉक से भरे ट्रेलर के अनियंत्रित होने से एक फॉर्च्यूनर कार उसके नीचे दब गई थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक सीमेंट बॉयलर ने गुजरात नंबर की ब्रेजा कार को चपेट में ले लिया, जबकि सामने से आ रही एक अन्य कार भी हादसे की जद में आ गई थी।

# सीएम के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा



राजस्थान दर्शन

**अजमेर।** राजस्थान सरकार के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस के उपलक्ष में सोमवार को संपूर्ण दिन भाजपा शहर जिला अजमेर द्वारा जिला अध्यक्ष रमेश सोनी के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन अजमेर शहर में संपन्न हुआ। इसके अंतर्गत पंचशील डिस्पेंसरी पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया, कांजी हाउस स्थित गोवंश को चारा एवं पशु आहार सामग्री खिलाई,लोहार बस्ती गंज में कंबल वितरित किए गए एवं स्कूली बच्चों को पुस्तकें और चॉकलेट का वितरण किया साथ ही बस्तियों में जाकर बच्चों और बस्ती वासियों को मिठाई और केक वितरित किए। रात्रि के समय आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान उप महापौर नीरज जैन, राजेश शर्मा, राजेश घाटे, चंद्रेश सांखला, विक्रम सिंह, रचित कच्छावा, संदीप गोयल, दीपक शर्मा, सर्वेश बजाज एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शहरी समस्या समाधान शिविर-2025 16 दिसम्बर से शुरू

राजस्थान दर्शन

**फुलेरा।** राज्य सरकार द्वारा आमजान की समस्याओं के समाधान एवं राज्य सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करने के लिए संशोधित शहरी समस्या समाधान शिविर 2025 का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान, जयपुर के शासन सचिव व नगरीय विकास विभाग राजस्थान जयपुर के प्रमुख शासन सचिव के आदेश यह 8 दिवसीय शिविर नगर पालिका स्थित सामुदायिक भवन परिसर में आयोजित किये जा रहे है। जिसमें 16 से 24 दिसम्बर तक किया जायेगा। इसके चलते 16 दिसम्बर 2025 को वार्ड नम्बर 1, 24 व 25 के एवं 17 दिसम्बर को वार्ड नम्बर 21, 22 व 23 के तथा 18 दिसम्बर को वार्ड नम्बर 18,19 व 20 के इसके साथ ही 19 दिसम्बर को वार्ड नम्बर 2, 3 व 4 के, इसी क्रम में 20? दिसम्बर को वार्ड नंबर 5, 6, 7 व 8 के, वहीं 22 दिसम्बर को वार्ड नम्बर को 9, 10 व 11 के तथा 23 दिसम्बर को 15, 16 व 17 के एवं 24 दिसम्बर को वार्ड नम्बर 12, 13 व 14 के शिविर आयोजित किये जायेंगे।

# झुंझुनू में गो संरक्षण सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## सांत्वना पुरस्कार एवं प्रतीक चिन्ह देकर कई लोगों का हुआ सम्मान



राजस्थान दर्शन

**झुंझुनू** सत्यनारायण अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से सत्यनारायण हलवाई की पुण्य स्मृति में आयोजित द्वितीय जिला स्तरीय अधिवेशन व सम्मान समारोह को संरक्षण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया झुंझुनू जिला गौ सेवा समिति के अध्यक्ष ताराचंद भोड़की ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के झुंझुनू विधायक राजेंद्र भामू थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश गिरी जी महाराज ने की द्यविशिष्ट अतिथि उदयपुरवाटी भाजपा के पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी थे द्यकार्यक्रम के दौरान रामावतार गोयंनका ,कमल पोद्दार,विश्वनाथ शर्मा एवं 120 गौशालाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे द्य ताराचंद भाडकी ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मान समारोह के दौरान प्रथम जाखल गौशाला ,द्वितीय चनाना गौशाला एवं तीर्थ स्थान पर मेहाडा की गौशाला रही जिन्हें सम्मानित किया गया रघुनाथपुर गौशाला, मंडावरा गौशाला, लिखवा गौशाला ,बलोदा गौशाला को सांत्वना पुरस्कार दिया गया द्य कार्यक्रम के दौरान उदयपुरवाटी से पचलंगी के गौ सेवक मदनलाल भावरिया एवं हिरवाना से बनवारी लाल जांगिड़ को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया

# निःशुल्क मधुमेह जाँच शिविर में 385 नागरिकों की हुई जाँच

## लांयस क्लब द्वारा निशुल्क शुगर जांच केम्प में 385 लोग लाभांवित

राजस्थान दर्शन

**कोटा।** लायंस क्लब कोटा द्वारा समाज सेवा की भावना को साकार करते हुए सी.वी. गार्डन, नयापुरा में निःशुल्क मधुमेह (डायबिटीज) जाँच एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। प्रातः 7.30 बजे से आयोजित इस शिविर में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अध्यक्ष सोनल नंदवाना ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 385 व्यक्तियों की मधुमेह जाँच की गई तथा विशेषज्ञों द्वारा उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर मधुमेह को नियंत्रित रखने के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव अपनाने के लिए जागरूक किया गया। शिविर के सफल आयोजन में लायंस क्लब के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर लायन शिव नारायण बहेती, लायन सुनील आनंद, लायन रजनीश नंदवाना, लायन मधुकांत सोमानी, लायन प्रेमा सोमानी तथा लायन रमेश चंद्र गुप्ता सहित अन्य लायंस साथियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर में 41 निःशुल्क मोतियाबिन्द के ऑपरेशन सम्पन्न, सर्दी से बचाव के लिए सभी रोगियों को कम्बल किये वितरित

राजस्थान दर्शन



**भीलवाड़ा।** लायंस क्लब भीलवाड़ा द्वारा संचालित लायंस आई हॉस्पिटल के तत्वावधान में प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर में निःशुल्क नेत्र जाँच एवं ऑपरेशन शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष, अधिवक्ता पवन पंवार ने जानकारी दी कि शिविर में कुल 91 रोगियों की आँखों की जाँच की गई। लायंस आई हॉस्पिटल में डॉ. अंशु बोरदिया और उनकी टीम द्वारा सभी 41 चयनित रोगियों के सफल ऑपरेशन किए गए। प्रोग्राम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष पवन पंवार एडवोकेट ने की, मुख्य अतिथि अधिवक्ता हेमेन्द्र शर्मा (पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसियेशन) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. पवन ओला (वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ) व लायन शिरीश जैन तथा भामाशाह लायन पवन खेमका द्वारा सभी चयनित रोगी जिनका ऑपरेशन हुआ उनको कम्बल वितरण क्लब द्वारा चलाये जा रहे 2100 निःशुल्क कंबल वितरण अभियान के तहत किया गया। लायन जे.पी. अग्रवाल व लायन विनोद जैन ने बताया कि ऑपरेशन के बाद सभी रोगियों को आवश्यक दवाइयाँ, निःशुल्क चश्मे और डिस्चार्ज टिकट देकर आज ससम्मान उनको अपने घर के लिए रवाना किया गया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता हेमेन्द्र शर्मा द्वारा लायन क्लब द्वारा जरूरतमंदों की सेवाऐं की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं कहा कि क्लब द्वारा नेक कार्य करते हुये मोतियाबिंद से पीड़ित लोगों की सेवा कर मानवता एक अनूठी मिसाल कायम कर रहे है एवं उपस्थित सभी लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही डॉ. पवन ओला द्वारा भी उपस्थित लोगों को उद्बोधन देकर नेत्रदान को मानव जीवन का एक जरूरी कार्य बताया एवं नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष पवन पंवार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए यह आश्वासन दिया कि लायंस क्लब भीलवाड़ा वर्षभर जरूरतमंद व्यक्तियों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेगा एवं प्लास्टिक मुक्त भारत के लिए कपड़ों के थैले वितरित किये गये। प्रोग्राम का सफल संचालन लायन विनोद जैन ने किया। शिविर को सफल बनाने में अस्पताल प्रभारी लायन जे.के. बागडोदिया, लायन एल.बी. रांका, लायन विनोद जैन, लायन जे.पी. अग्रवाल सहित सभी लायंस सदस्यों, पदाधिकारियों एवं हॉस्पिटल स्टॉफ का प्रशंसनीय सहयोग रहा।

# विधवा सशक्तिकरण की दिशा में कदम, राजपूत समाज ने खातों में ट्रांसफर की पेंशन

### आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ती पहल, विधवा महिलाओं को पेंशन व रोजगार सहायता



### समाज सेवा का उदाहरणः राजपूत समाज कोटा ने दी विधवा महिलाओं को पेंशन सहायता

### राजपूत समाज कोटा द्वारा जरूरतमंद विधवा महिलाओं को पेंशन की दूसरी किस्त जारी

राजस्थान दर्शन

**कोटा।** संगठन में शक्ति राजपूत समाज, कोटा द्वारा समाज की जरूरतमंद विधवा महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए पेंशन की दूसरी किस्त जारी की गई। इस अवसर पर समाज की 14 जरूरतमंद विधवा महिलाओं के बैंक खातों में 800-800 रुपये की पेंशन राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की गई। समाज के प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह हाड़ा नरेश ने बताया कि संगठन द्वारा लगातार समाजसेवा के कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में समाज के सहयोग से एक जरूरतमंद विधवा महिला को सिटी मॉल के सामने चाय की दुकान प्रारंभ कराने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की गई। वहीं मौके पर आयोजित बैठक के दौरान 14 विधवा महिलाओं के खातों में पेंशन राशि ऑनलाइन स्थानांतरित की गई। उन्होंने बताया कि पेंशन की इस राशि में से प्रति महिला 300 रुपये का सहयोग डॉक्टर प्रदीप सिंह पंवार द्वारा दिया गया, जबकि शेष राशि राजपूत समाज के सदस्यों के सामूहिक योगदान से जुटाई गई। इस बैठक में रविन्द्र सिंह हाड़ा नरेश, डॉक्टर प्रदीप सिंह पंवार, राजेश सिंह परिहार, टीकम सिंह नरूका, अमित सिंह, कमलराज सिंह हाड़ा, मांडवी तंवर, डॉक्टर युवराज सिंह नरूका, कुलदीप सिंह नरूका, एडवोकेट प्रमोद सिंह हाड़ा, नरेंद्र सिंह सोलंकी, भवानी सिंह शेखावत, रितिक सिंह परिहार, राजेश सिंह हाड़ा, हेमेन्द्र सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। हाडा ने बताया कि अक्टूबर माह से अब तक 22 सिलाई मशीनें जरूरतमंद महिलाओं को प्रदान की जा चुकी हैं तथा पिछले दो माह से नियमित रूप से पेंशन वितरण किया जा रहा है। आगे भी समाज द्वारा निरंतर सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया गया।

## रूपाहेली में आज निःशुल्क विशाल नेत्र जाँच, ऑपरेशन एवं दन्त चिकित्सा शिविर

राजस्थान दर्शन

**भीलवाड़ा।** जागेटिया परिवार रूपाहेली के तत्वावधान में भारत विकास परिषद, लायंस नेत्र चिकित्सालय, रामस्नेही चिकित्सालय एवं जिला अंधता निवारण सोसायटी के संयुक्त सहयोग से आज रूपाहेली में एक विशाल निःशुल्क नेत्र जाँच, नेत्र ऑपरेशन एवं दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में लायंस नेत्र चिकित्सालय की अनुभवी टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के रोगियों की आँखों की जाँच की जाएगी, वहीं रामस्नेही चिकित्सालय की विशेषज्ञ टीम द्वारा दाँतों की जाँच की जाएगी। आवश्यकता होने पर रोगियों के नेत्र ऑपरेशन भी किए जाएंगे। चयनित रोगियों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क चश्मे भी उपलब्ध कराए जाएंगे। भारत विकास परिषद की मीडिया प्रभारी अमित अग्रवाल ने बताया कि नेत्र जाँच का कार्य माहेश्वरी भवन, रूपाहेली में किया जाएगा। जिन रोगियों को नेत्र ऑपरेशन की आवश्यकता होगी, उनका ऑपरेशन लायंस नेत्र चिकित्सालय, भीलवाड़ा में किया जाएगा।

# ध्वजारोहण और मार्च-पास्ट के साथ वेस्ट जोन ओलंपिक स्पर्धा टेबल टेनिस (पुरुष) टूर्नामेंट का आगाज

### 5 राज्यों के करीब 500 खिलाडी ले रहे है हिस्सा



राजस्थान दर्शन

**मानपुरा माचैड़ी।** अचरोल स्थित महात्मा ज्योति राव फूले विश्वविद्यालय के खेल परिसर में पांच दिवसीय वेस्ट जोन ओलंपिक स्पर्धाएँ टेबल टेनिस (पुरुष टूर्नामेंट का शुभारंभ सोमवार को ध्वजारोहण और मार्च-पास्ट के साथ हुआ। सांसद राजेंद्र गहलोत मुख्य अतिथि थे जबकि खेल सचिव और आइएएस नीरज के पवन विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता युनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने की। मुख्य अतिथि सांसद राजेंद्र गहलोत ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार खेलों को बढावा देने के लिए प्रतिबद्द है। चाहे योग व्यायाम हो या अन्य खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित कर रही है।राजस्थान सरकार में खेल सचिव आइएएस नीरज के पवन ने कहा कि खेलों के आयोजन के साथ इनमें युवाओं की अधिकाधिक भागीदारी होना महत्वपूर्ण है। सरकार खेलों को बढावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्द है। युनिवर्सिटी के चेयरपर्सन निर्मल पंवार ने कहा कि जिन खिलाडियों में जुनून अनुशासन और आगे बढने की क्वालिटी होती है वे अपने लक्ष्य में जरूर सफल होते है। युनिवर्सिटी जल्द ही एक नेशनल स्पोर्ट इवेंट का आयोजन करेगी। इस अवसर पर एआईयू की पर्यवेक्षक इंदु मलिक और प्रो जोया चक्रवती ने विद्यार्थियों के लिए पढाई के साथ खेलों की महता को प्रतिपादित किया। पांच दिवसीय इस स्पर्धा में 5 राज्यों जैसे राजस्थान मध्यप्रदेश गुजरात गोवा और महाराष्ट के 100 से ज्यादा विश्वविद्यालयों के लगभग 500 खिलाडी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन शुरूआती लीग मैच खेले गए। प्रतियोगिता के दौरान शाम को रंगारंग मनोरंजनपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने राजस्थान की बहुरंगीय संस्कृति के रंग बिखेरे।

# सौहार्द और एकता का संदेश देता वर्धमान ग्रुप का दीपावली मिलन



### वर्धमान ग्रुप ने दीपावली मिलन समारोह हर्षोल्लास से मनाया

राजस्थान दर्शन

**कोटा।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप 'वर्धमान ', कोटा द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन श्रीराम दिव्य वाटिका, कोटा में किया गया। कार्यक्रम में दंपत्ति सदस्यों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भरपूर आनंद लिया। समारोह का शुभारंभ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय प्रभारी जे.के. जैन, कोटा रीजन अध्यक्ष अनिल ठोरा, सचिव पीयूष जैन, संस्थापक अध्यक्ष सुरेश हरसौरा, अध्यक्ष महावीर बरमुंडा, सचिव लोकेश दुगेरिया, कोषाध्यक्ष संजय सेठिया एवं पूर्व अध्यक्षों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मंगलाचरण चारवी द्वारा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष महावीर जैन ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों एवं बड़ों द्वारा प्रस्तुत नृत्य में संध्या, अनामिका, आयुषी, उर्वर्षी, प्रीति, सुरेखा एवं नीरज ने सहभागिता निभाई। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में एंट्री गेम के विजेता मुकेश, राजेश एवं महेश रहे। कैंडल ब्लो में नितिन, शैलेष एवं महावीर, कैंडल रेस में मनोज, अनिल एवं नीरज तथा बनाना गेम में राहुल, लोकेश एवं पीयूष विजेता रहे। बच्चों के खेलों में गर्वित, रजस एवं सक्षम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अध्यक्ष महावीर बरमुंडा ने दीपावली के संदेश में समाज में सौहार्द, भाईचारा एवं एकता बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही वर्ष 2026 के लिए सीमा अरविन्द बागड़िया को अध्यक्ष, श्वेता नवीन सेठिया को सचिव एवं प्रियंका महावीर धनोप्या को कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अरविन्द-सीमा बागड़िया, नवीन-श्वेता सेठिया, हिमांशु-उर्वर्षी दुगेरिया एवं अर्चना डूंगरवाल रहे। समारोह में राजेन्द्र ताथेड़िया, राजेन्द्र बागड़िया, निर्मल दुगेरिया, पारस हरसौरा, पवन सुरलाया, महेश बरमुंडा, आर.के. जैन, ज्ञानेन्द्र दुगेरिया, शैलेष हरसौरा, दिनेश बोरखंडिया, अरविन्द बरमुंडा, अभिषेक हरसौरा, लाभचन्द पटवारी, शिखर सेठिया, कैलाश सुरलाया, ओमप्रकाश कोटिया सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सचिव लोकेश दुगेरिया ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जैक प्रीमियर लीग-3 का खिताब जैक (JAC) के नाम, भामाशाह ब्लास्टर्स को 10 विकेट से हराया



### जेपीएल-3ः जैक का दबदबा, बिना विकेट गंवाए हासिल किया खिताबी मुकाबला

राजस्थान दर्शन

**कोटा।** जेसीआई एलुमनी क्लब जोन-05 के तत्वावधान में आयोजित जैक प्रीमियर लीग (जेपीएल-3) का खिताब जैक (JAC) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में जैक ने भामाशाह ब्लास्टर्स को 10 विकेट से पराजित कर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। भामाशाह ब्लास्टर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 96 रन बनाए, जिसके जवाब में जैक ने बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया। अध्यक्ष पीयूष खण्डेलवाल एवं सचिव प्रियंक माहेश्वरी ने बताया कि समापन समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएफएस पीडीएम अंजली बत्रा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि (गेस्ट ऑफ ऑनर) एनवीसी जयकुमार, विशेष अतिथि विधायक संदीप शर्मा तथा कोटा क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मनोज शर्मा पूर्व अध्यक्ष मनीष चाण्डक,राजकुमार जैन,मीता अग्रवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। टूर्नामेंट के व्यक्तिगत पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ का खिताब जैक के अंबरीश गुप्ता को 5 मैचों में 110 रन बनाने पर मिला। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ नितिन खुबचंदानी (9 मैचों में 10 विकेट) तथा सर्वश्रेष्ठ फील्डर का पुरस्कार भी अंबरीश गुप्ता (5 मैचों में 7 कैच) को दिया गया। टूर्नामेंट का एमवीपी अवॉर्ड काकू (च्रच) को प्रदान किया गया। टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष पीयूष खण्डेलवाल, सचिव प्रियंक माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष शरद गुप्ता, कोऑर्डिनेटर मनीष भदादा, शुभम खंडेलवाल, उमेश गोयल, शुभम चौधरी, विकास शर्मा एवं रितेश शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी सहयोगी रहे।

# 'खेलेंगे तो खिलेंगे' विधायक दौड़ में बच्चों का ज़बर्दस्त उत्साह, खेलना हर बच्चे का जन्म सिद्ध अधिकार - कोठारी

राजस्थान दर्शन



**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा शहर विधायक अशोक कोठारी की अनूठी पहल 'खेलेंगे तो खिलेंगे' के तहत सेठ मुरलीधर मानसिंहका गर्ल्स कॉलेज खेल मैदान पर भीलवाड़ा विधायक दौड़ प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में न केवल नन्हे बच्चों, बल्कि उनके अभिभावकों में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भीलवाड़ा विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत आयोजित इस दौड़ में लगभग 170 बच्चों ने हिस्सा लेकर अपना दमखम दिखाया। खास बात यह रही कि विधायक अशोक कोठारी ने स्वयं भी दौड़ में भाग लेकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता के दौरान गर्ल्स कॉलेज के प्रिंसिपल सावन कुमार जांगिड़ और स्टाफ ने 200 मीटर रनिंग ट्रैक का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने शाम के सत्र में गर्ल्स कॉलेज खेल मैदान पर नन्हे बच्चों के लिए नियमित स्पोर्ट्स अकादमी शुरू करने की अनुमति प्रदान की। इस अवसर पर विधायक अशोक कोठारी ने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि 'खेलना हर बच्चे का जन्मसिद्ध अधिकार है।' उन्होंने अपील की कि बच्चों को कम से कम एक घंटा जरूर खेलने दें और उनका बचपन न छीनें। आयोजक सचिव अजीत जैन और विवेक निमावत ने बताया कि दौड़ प्रतियोगिता के अलावा हूलाहूप, रस्साकसी और फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया गया। सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। खेल विकास योजना के संयोजक अजीत जैन ने जानकारी दी कि नन्हे बच्चों के लिए शहर में फ़िलहाल 6 खेल मैदान तैयार किए गए हैं। विधायक अशोक कोठारी की ओर से इन सभी मैदानों पर प्रशिक्षक नियुक्त किए गए हैं। शहर का कोई भी 3 से 13 साल तक का बच्चा किसी भी सेंटर पर जाकर खेल प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर सत्य नारायण गुग्गड़, गोपाल राज पारीक, संजय राठी, ओम जाट, महेश राठौर, शिव नुवाल, प्रशिक्षक धर्मपाल यादव, महेश शर्मा, दिनेश सोलंकी, मनीषा सोलंकी, पलक राजपूत सहित कई प्रशिक्षक, खेल प्रेमी और अभिभावक मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी राव संजय सिंह के लिए क्रैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, सी- 565- सी, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड, जयपुर- 302013 (राजस्थान) से मुद्रित एवं ए-11, प्रथम मंजिल, करधनी शोपिंग सेंटर, हरीमार्ग, मालवीय नगर, जयपुर- 302017 से प्रकाशित।
संपादकः कमलेश सिंह, एच- 6, नंदपुरी कॉलोनी, मालवीय नगर, जयपुर- 302017, फोन न- 0141-48199557 मो. 9166693566 E-mail rdnewsjaipur@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा ( * पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)